आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर पर हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, मंगलवार 23.04.2024 | चैत्र शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | वर्ष-25, अंक-81, पृष्ठ-12 | ₹ 03 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 73,648.62
डॉलर 83.379

पेज 04

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,650

चांदी (1 किलो) 90,000

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

आज के मैच

समय : 23 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

एक नजर

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

रांची। बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है।

सीआईडी ने ठगी मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

रांची। एसबीआई बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर और लोन पास कराकर अपने बैंक अकाउंट में पैसा जमा कर पैसे की ठगी मामले में सीआईडी की टीम ने सोमवार को पांच आरोपितों के खिलाफ सीआईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ दायर किया गया।

आजकल

गर्मी और लू का प्रभाव नहीं लेकिन तैयारी में चुनाव आयोग

26 तारीख को होने वाल मतदान पर बैठक, मौसम विभाग ने कहा मौसम का पूवार्नुमान सामान्य

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने और सामान्य अवधि के दौरान गर्म मौसम की स्थिति के कारण किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की। मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है। दूसरे चरण में मतदान वाले 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए मौसम का पूवार्नुमान सामान्य है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अतिरिक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विभाग प्रमुख और मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) डीजी मौसम विज्ञान ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोग, आईएमडी, एनडीएमए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स आवश्यकता पड़ने पर मतदान से पांच दिन पहले गर्मी की लहर और आर्द्रता के प्रभाव की समीक्षा करेगी। आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को राज्यों में स्वास्थ्य अधिकारियों को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली लू की स्थिति के लिए तैयारी करने और सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है। आयोग 16 मार्च के अपने परामर्श के अनुसार मतदान केंद्रों पर शामियाना, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं आदि सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सीईओ के साथ अलग से समीक्षा करेगा। मतदान केंद्र क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों के लिए जनता के बीच सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियां की जाएंगी।

गीता कोड़ा ने भरा नामांकन पत्र, लोहरदगा में 5 नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम/गुमला। सिंहभूम लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गीता कोड़ा ने अपराह्न 01:40 बजे जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष परचा दाखिल किया। इससे पहले गांधी मैदान से खूंटकटी तक रैली निकाली गई। नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे। वहीं लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को गुमला डीसी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

'कांग्रेस व इंडी गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर'

आपकी मेहनत की कमाई संपत्ति को कब्जे में लेकर बांटना चाहती है कांग्रेस पार्टी

तीन तलाक से पीड़ित बेटियों के लिए कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया

किसानों को ताकत कैसे मिले, गन्ना किसानों की ताकत कैसे बढ़े इसके लिए लगातार हो रहा काम

एजेंसी। अलीगढ़

18वीं लोकसभा आमचुनाव के महाअभियान में प्रखर वक्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विपक्षी दलों पर एक के बाद एक ताबड़तोड़ हमला जारी है। विपक्षी दलों के चरित्र, नेतृत्व और उनके घोषणापत्र को आधार बना प्रधानमंत्री रोज नए तेवर के साथ हमला कर रहे हैं। सोमवार को अलीगढ़ के नुमाईश मैदान में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए लोगों से कहा कि इनकी नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। ये आपकी मेहनत की कमाई संपत्ति को कब्जे में लेकर बांटना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादे से मैं देशवासियों को आगाह कर रहा हूं। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज तक इन्होंने अपनी अकूत संपत्ति से देश के किसी गरीब को कुछ नहीं दिया। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। जनता के धन को लूटना और देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। इसके पूर्व रविवार को राजस्थान में भी पीएम ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सूरत में बिना चुनाव ही भाजपा से हार गई कांग्रेस

सूरत। सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र खारिज हो गया है। निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, नामांकन पत्रों में प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया गलतियां पाई गईं। इससे पहले खजुराहो में सपा, बरेली में बसपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज हो चुका है। सूरत में कांग्रेस का नामांकन जहां खारिज हो गया वहीं बाकी उम्मीदवारों ने अपना पर्चा वापस ले लिया जिसके चलते भाजपा यहां निर्विरोध जीत गई। चुनाव अधिकारी ने भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है।

मैनिफेस्टो समझाने के लिए खरगे ने मोदी से समय मांगा

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोमवार को पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा, 'पीएम हमारे मैनिफेस्टो को सही से समझ नहीं पाए हैं। उनसे मिलकर उन्हें मैनिफेस्टो समझाना है।' कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग में 17 शिकायतें भी कीं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैनिफेस्टो की प्रतियां पीएम को भेजी जाएंगी। कांग्रेस ने ये भी कहा कि पार्टी चुनाव आयोग में एक लाख लोगों के दस्तखत कराकर एक याचिका भी दायर करेगी। दरअसल, भाजपा, कांग्रेस मैनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रही है। साथ ही उसके घोषणा पत्र के पेज नंबर 7 पर हिस्सेदारी न्याय के तहत, पहले पॉइंट का जिक्र कर रही है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी।

बंगाल स्कूल नौकरी भ्रष्टाचार मामला

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2016 में की गई 25,753 नियुक्तियां रद्द की

नियुक्ति पाने वालों को चार सप्ताह के भीतर लिया गया पूरा वेतन 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ वापस करना होगा

सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर भी हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया

जरूरत पड़ने पर सुपर-न्यूमेरिक पोस्ट बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड से भी पूछताछ कर सकती है सीबीआई

एजेंसी। कोलकाता

ममता सरकार को एक बड़ा झटका देते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण श्रेणियों में की गई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इसमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल थे। खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि नियुक्ति पाने वालों को चार सप्ताह के भीतर उनके द्वारा लिया गया पूरा वेतन वापस करना होगा। उन्हें यह रकम 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ लौटानी होगी। डब्ल्यूबीएसएससी को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले में जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया। इधर डब्ल्यूबीएसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है।

खंडपीठ ने कहा कि सीबीआई किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है, जिसे वह आवश्यक समझती है। खंडपीठ ने सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर भी संज्ञान लिया। डिविजन बेंच के आदेश के मुताबिक, जरूरत पड़ने पर सीबीआई सुपर-न्यूमेरिक पोस्ट बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड से भी पूछताछ कर सकती है। ऐसा माना गया कि अवैध रूप से भर्ती किए गए अयोग्य उम्मीदवारों के लिए ही सुपर-न्यूमेरिक पद बनाए गए थे। कोर्ट ने मानवीय आधार पर एक उम्मीदवार सोमा दास के मामले में एकमात्र अपवाद बनाया है। कैंसर की मरीज होने के कारण उनकी भर्ती रद्द नहीं की जायेगी। खंडपीठ के आदेश के मुताबिक, डब्ल्यूबीएसएससी को सभी ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) शीट भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी, ताकि आम लोग उन तक पहुंच सकें। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बसाक और न्यायमूर्ति रशीदी की खंडपीठ का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने खंडपीठ को समयबद्ध तरीके से सुनवाई पूरी करने का भी निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई 20 मार्च को पूरी हो गई थी। लेकिन डिवीजन बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

(विस्तृत खबर पेज 12 पर)

झामुमो और कांग्रेस दोनों भ्रष्टाचार के सहोदर भाई : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस-झामुमो पर हमला करते हुए कहा कि झामुमो व कांग्रेस दोनों भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं। ये लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि हेमंत सोरेन को जेल में भाजपा ने डाला है। जबकि यह सरासर झूठ है। भाजपा अध्यक्ष सोमवार को चाईबासा में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन कार्यक्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के दौरान कही। कह, केंद्रीय जांच एजेंसिया निष्पक्ष तथा स्वतंत्र होती है। वे कानून के हिसाब से काम करती है। कोई गलत करेगा, तो कानून अपना काम करेगा ही। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड सरकार ने बालू घाटों का ऑक्शन नहीं कर ऊसकी चोरी की। बालू का अवैध खनन कर बिहार, बंगाल, यूपी में बेच दिया और जब पीएम आवास के लाभुक बालू उठाते हैं, तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। राजमहल में सरकार के ईशारे पर अवैध उत्खनन होता रहा। ऐसे में हेमंत जेल नहीं तो कहां जायेंगे। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पिछली लोस चुनाव में झारखंड में 14 में से 12 सीटें जीती थीं, इसबार सभी 14 सीटें जीतेंगे।

सिरफिरे बेटे ने पिता सहित परिवार के तीन लोगों को कुल्हाड़ी से काट डाला

भाभी अनुपमा देवी का सिर काट कर किया धड़ से किया अलग

चचेरे भाई और भौजाई को किया घायल, आरोपी रंजन हिरासत में

गांव में नहीं आता मोबाइल नेटवर्क लोगों को दूसरे दिन मिली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिले के गारू थाना क्षेत्र के सरयू प्रखंड के डबरी गांव में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कुल्हाड़ी से मारकर कर दी। घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपी के पिता सूरज उरांव (65) भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल हैं। आरोपी रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया तो सबसे पहले उसने कुल्हाड़ी से अपने पिता की हत्या कर दी। इसके बाद रंजन ने अपनी भाभी अनुपमा देवी और एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी को भी कुल्हाड़ी से काट डाला। आरोपित ने अनुपमा देवी का तो सर ही धड़ से अलग कर दिया। वहीं आरोपित ने अपना चचेरे भाई और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया। लेकिन दोनों किसी प्रकार बच गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

हैलीपेड के भाड़े में मनमानी के खिलाफ भाजपा पहुंची आयोग

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

हैलीपैड का भाड़ा अलग-अलग जिले में अलग-अलग दर पर लेने के खिलाफ भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, शामिल थे। मामला है की अभी चुनाव मे राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन में जाने के लिए प्रशासन से हैली पैड किराये पर लेते हैं, गुमला में जब भाजपा की टीम अपने नेताओ के लिए हैली पैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा कराने को कहा। अभी झारखंड मे कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है। सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है। गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

'रांची के मुख्य चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाए निगम'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है? इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

कलम की उम्र में चाकू थामते नौनिहाल

सुनील बादल

झारखंड सहित देश में जो चिंताजनक समाचार आजकल आ रहे हैं उसमें आपराधिक कार्यों में बच्चों का इस्तेमाल और स्वयं उनका अपराध की तरफ झुकाव भी बढ़ना है। हाल के कुछ वर्षों में नाबालिग बच्चों द्वारा अपराध की घटनाओं में तेजी दिख रही है। कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में महज माचिस देने से मना करने पर एक नाबालिग ने 21 साल के युवक की चाकू से हत्या कर दी। साल भर पहले भी उसी नाबालिग ने महज कंधा टकराने पर 16 साल के एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। उसके बाद कुछ समय तक बाल सुधार गृह में रहने के बाद वह बाहर आ गया। वहीं 2023 के अंत में दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में तीन नाबालिगों ने किशोरी दोस्त के साथ गैंगरेप किया और वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ये घटनाएं आपराधिक मामलों में नाबालिगों की संलिप्तता की बानगी हैं।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में देश में नाबालिगों द्वारा कुल 30,555 अपराध किए गए, जिनमें झपटमारी, लूटपाट, वाहन चोरी, घरों में चोरी, ठगी की वारदातें और यहां तक कि दुष्कर्म के मामले भी शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के साथ किए गए अपराधों में 3,545 नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिनमें से 345 मामले जबरन शादी के इरादे से महिलाओं के अपहरण से संबंधित मामले पाए गए। नाबालिगों द्वारा अपराध के मामले में देश की राजधानी 2,340 से अधिक मामलों के साथ छठे स्थान पर है। वहीं पहले स्थान पर महाराष्ट्र (4,406), फिर मध्य प्रदेश (3,795) और राजस्थान (3,063) हैं। नाबालिगों द्वारा अपराध के मामलों में इजाफे का क्या कारण है? क्या इन सबके पीछे का कारण दोषपूर्ण परवरिश व सामाजिक माहौल में बदलाव है या नई तकनीकी दुनिया। फरवरी 2024 में बिहार से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी, जिसमें मरने से पहले इंसान को तड़पता हुआ देखने के लिए तीन नाबालिग लड़कों ने कैब ड्राइवर को इतनी बेरहमी से मौत के घाट उतारा कि किसी की भी रुह कांप जाए। एक ने ड्राइवर के गले में फंदा डाला, तो दूसरे ने ड्राइवर के गले में कील घोंप दी। इसके बाद वे रस्सी से ड्राइवर का गला तब तक कसते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस के सामने उन्होंने कबूला कि उसकी जान निकलते देखने में उन्हें बहुत आनंद आ रहा था। उन्होंने यह भी कबूला कि कत्ल करने का यह तरीका उन्होंने यूट्यूब से सीखा और उस ड्राइवर से उनकी न तो जान-पहचान थी और न ही कोई दुश्मनी।पुलिस के लिए भी ऐसी विकृत मानसिकता चिंता का कारण बनी हुई है, क्योंकि ऐसे संगीन अपराधों में भी नाबालिगों को कड़ी सजा देने का प्रावधान नहीं है। उन्हें बाल सुधार केंद्र भेज दिया जाता है या उनकी काउंसिलिंग करा कर ही घर भेज दिया जाता है, जिस कारण कई बार बड़े-बड़े अपराधी उनका फायदा उठाते हैं और उन्हें अपराध के दलदल में फंसा देते हैं। बालमन को पैसों का मोह, मौज-मस्ती तेजी से अपनी ओर आकर्षित करता है। अपराध से जुड़ी फिल्मों और वेब सीरीज का भी बच्चों के दिमाग पर बुरा असर पड़ता है और उनमें आपराधिक मानसिकता को बढ़ावा देता है। बच्चे देश के भावी नागरिक होते हैं। यदि इनका भविष्य संवर गया, तो देश का विकास मुमकिन है और यदि इसी गति से नाबालिगों के अपराध के ग्राफ में बढ़ोतरी होती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब देश पर माफिया का राज होगा।

इसलिए जरूरी है कि नाबालिगों द्वारा बढ़ते अपराध को कम करने के लिए सही सजा का प्रावधान हो और ऐसी नीति बनाई जाए कि बच्चों को जुल्म की दुनिया में कदम रखने से रोका जा सके। नाबालिगों को उसके अपराध की प्रकृति के आधार पर सजा का उचित प्रावधान होना चाहिए, ताकि जघन्य अपराधों की तरफ रुख करने से बालमन बचा रहे व कोई उन्हें बहला-फुसलाकर अपराध की राह पर न धकेल सके। सरकार, समाज, माता-पिता, अभिभावकों को बच्चों के बेहतर व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और स्वस्थ सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण प्रदान करना चाहिए। 11 से 16 वर्ष की किशोरावस्था किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस उम्र में उन्हें सही-गलत की पहचान कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। झारखंड में नशे के शिकार बच्चे भी बढ़ते जा रहे हैं जिसपर ध्यान देने की जरूरत है ।

एक नजर

कीटनाशक खाकर किशोरी ने की खुदकुशी

दुमका। काठीकुंड के अम्बा गांव में कीटनाशक दवा खाकर चुड़की मुर्मू (15) ने आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि पिता रविवार को चर्च गए थे और मां खेत पर गई थी। घर पर कोई नहीं था। वह अकेली थी। इसी बीच उसने कीटनाशक दवा खाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह 9वीं क्लास की विद्यार्थी थी। परिजनों ने किशोरी के जीवित होने की आस में रविवार की रात में ही पीजेएमसीएच लेकर आए थे, पर उसकी मौत हो चुकी थी। सोमवार की सुबह में नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। नगर थाना की पुलिस ने परिजनों के फर्द बयान को काठीकुंड थाना भेज दिया है।

वाहन के धक्के से पाकुड़िया की स्वास्थ्य सहिया की मौत

दुमका। पाकुड़ जिला के पाकुड़िया के तिरपितिया पुल के पास सोमवार को अज्ञात वाहन के धक्के से स्वास्थ्य सहिया संचिता उड़िंदा (40) की दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति का कहना है कि उसकी पत्नी सुबह में साइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालीडीह, पाकुड़िया की ओर जा रही थी। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इस घटना में महिला के दोनों पैर कुचला गया है। महिला पाकुड़िया की ही निवासी थी। घटना की सूचना मिलने के साथ ही परिजन महिला को उठाकर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला का इलाज करने के बाद दुमका के पीजेएमसीएच रेफर कर दिया। यहां के चिकित्सकों ने देखने के साथ ही महिला को मृत घोषित कर दिया। नगर थाना की पुलिस ने महिला के परिजनों का फर्द बयान लेने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और उसके परिजनों को सौंप दिया।

माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण

खूंटी। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 54 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कोषांग के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपल्ब्ध दिया गया।

संत माईकल (+2) स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया

बच्चों ने ग्रीन अर्थ व प्रदूषण मुक्त पृथ्वी का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

संत माईकल (+2) स्कूल, मूरी में सोमवार 22 अप्रैल को बड़ी उत्साह के साथ पृथ्वी दिवस मनाया गया। यह दिवस दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजन किया जाता है। इस दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे - आम, अमरूद, पपीता, जामुन इत्यादि विद्यालय में लाए एवं स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यालय के निदेशक प्रचार्य एवं शिक्षकों ने भी इस अवसर पर आयोजित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। पृथ्वी दिवस के जरिए विद्यालय के बच्चों ने ग्रीन अर्थ एवं प्रदुषण मुक्त पृथ्वी का संकल्प लिया। इस मौके पर पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जैसे भाषण, पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग आदि जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार छात्रों को पेड़, पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण

के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रचार्य सीएल प्रजापति ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक दिन मना कर पर्यावरण संरक्षित नहीं कर सकते इसके लिए पूरे वर्ष सक्रिय रहने की आवश्यकता है। विद्यालय की शिक्षिका सपना दत्ता ने बच्चों को इस दिवस की महत्ता बताई और सभी को पौधारोपन करने एवं पौधों को रोजाना पानी डालने के लिए जागरूक किया । मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए श्वेता भेगरा, मंजू कुमारी, सीमा कुमारी, मनीषा सिंह,उत्पल कुमार, अभिरूप दत्ता, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराई , सुशील कुमार एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

बीडीओ और अंचलाधिकारी ने बूथों से संबंधित दिए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर सोमवार को बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अगुवाई में प्रखंड के विभिन्न सेक्टरों में बैठक आयोजित की गई। जहां एक ओर विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन के साथ साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान के जरिए वोट प्रतिशत बढ़ाने की बात कही गई। इस संबंध में सोमवार को प्रखंड के डोरंडा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और करकारी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाऐ और इसकी तैयारी में जुटे रहे। समर्पण की महत्वपूर्ण भावना के बिना लक्ष्य तक पहुंच पाना कठिन है।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद लोकसभा सीट पर लड़ेगी चुनाव : सरयू राय

धनबाद। भारतीय जनतंत्र मोर्चा सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सोमवार को सरयू राय प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सरयू राय ने इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही उन्हें सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दाखिल किया था, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है।

आज 5101 महिलाएं कलश यात्रा में होंगी शामिल

शिव मंदिर निर्माण के साथ रघुनाथपुर गांव के लोगों का सपना हुआ पूरा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। चान्हो स्थित रघुनाथपुर गांव में निर्मित भव्य शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार से कलश यात्रा के साथ शुरू हो रही है। कलश यात्रा में 5101 महिलाएं शामिल होंगी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर कोयल नदी तक जाएगी, जहां पर जल भरा जाएगा। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए चान्हो सहित रांची, लोहरदगा, बेड़ो, खलारी तथा बंगाल से महिलाएं पहुंची हैं। सोमवार को देर रात तक कई गांव की महिलाएं तथा बच्चियों ने कलश पर रंग-रोगन तथा मंत्र लिख कर यात्रा की तैयारी पूरी की है।

इधर, आयोजन समिति ने कहा है कि शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ में शामिल होने के लिए 50 हजार से अधिक भक्त आएंगे।

मुस्लिम और ईसाइयों का मिला है भरपूर सहयोग :

शिव मंदिर के निर्माण में किसी संगठन या नेता ने कोई सहयोग नहीं दिया। कई गांव के लोग आपस में मिलकर मंदिर का निर्माण किया है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए मुस्लिम और ईसाइयों की भी हर तरफ से मदद मिल रही है।

मंदिर निर्माण के लिए लोगों ने त्याग दी मांस-मदिरा

वर्षों से अधूरे पड़े मंदिर का निर्माण कैसे हो, इस पर गांव वालों ने भोले बाबा से मांस-मदिरा त्यागने की शपथ ली थी। मंदिर निर्माण के लिए कमिटि में शामिल सभी लोगों ने नशापान से अपने को दूर कर लिया। कभी इस गांव में शराब के कारण कई घर तबाह हो गए थे।

भव्य है सजावट : स्वर्ण मंदिर के समान ही इस मंदिर को सजाया गया है। बता दें कि 600 वर्ष पुराना कोको माता राम मंदिर भी वहीं मौजूद है। इसके साथ ही अमर शहीद वीर बुधु भगत की जन्म स्थली भी वहां से महज कुछ ही दूरी पर है।

भव्य मंदिर का निर्माण हमारे गांव का सपना था, जो आज पूरा हुआ है। निर्माण से लेकर मंदिर के हर कार्यों में गांव के लोगों का भरपूर सहयोग रहा है। इसमें मुसलमान और ईसाई लोगों का भी काफी सहयोग मिला है।

मुकेश बैठा, अध्यक्ष, शिव मंदिर कमेटी, रघुनाथपुर

झारखंड की दो बेटियां पूर्णिमा महतो और चामी मुर्मू पद्मश्री से सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया है। पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा

टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। उस समय उनके पास घर में बना तीर-धनुष था। उन्हें परिवार का पूरा सहयोग मिला। परिवार के सहयोग से ही उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है।

जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिडबोंगा की स्तुति जरूरी : धर्मगुरु

खूंटी। अड़की प्रखंड के बिरबांकी में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में धीरजू मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जीवन की भाग-दौड़ में अपने धर्म-संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे हम आर्थिक संपन्नता में भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। समाज में बुराइयां फैल रही हैं। लोभ, लालच व अहंकार से हम त्रस्त हैं। अतः जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिडबोंगा की स्तुति जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है। हमारे महापुरुष अपनी धर्म, संस्कृति एवं समाज के साथ ही जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहे। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर सरना धर्म कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में श्वेता बाखला, मोती नाग, मथुरा कंडीर, बाजीनाथ मुंडा, एतवा मुंडा, गुरूआ मुंडा, रमण मुंडा, सागर मुंडा, करमू हेंब्रोम, सूरज मुंडा, विश्राम टूटी, मंगा मुंडा, सलीम मुंडा, बिरसा कंडीर, चौतन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

बच्चों ने प्लास्टिक के प्रति जागरूकता पर किया नुकड़ नाटक

प्लास्टिक का उपयोग पृथ्वी के पर्यावरण के लिए संकट है : सिस्टर जयंती

नवीन मेल संवाददाता। खलारी

विश्व दिवस के अवसर पर उसुर्लाइन कान्वेन्ट स्कूल खलारी के विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता के तहत विभिन्न चौक चौराहों में नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत किया। खलारी के बैंक चौक, थाना चौक, केडी हिन्दूगढ़ी चौक पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों से प्लास्टिक इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूक किया गया। अपील किया कि हम सभी को प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। प्लास्टिक के इस्तेमाल से समाज और पर्यावरण पर होने वाले दुष्परिणाम को उजाकर किया गया। बताया गया कि प्लास्टिक हमारे लिए बहुत ही खतरनाक है। हमें इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। प्लास्टिक इंसानों

में कैंसर का कारण बनता है। जानवर इसे खाकर मर जाते हैं। प्राचार्या सिस्टर जयंती ने कहा कि प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पृथ्वी के पर्यावरण के लिए संकट है। सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना चाहिए और प्लास्टिक को रिसाइकल करने की व्यवस्था अपनानी चाहिए। प्लास्टिक मुक्त अभियान में सभी को सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम में खलारी पश्चिमी की जिलापरिषद सदस्य सरस्वती देवी भी उपस्थित रही। नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों में आयुष कुमार, रिशु पासवान, नरेन्द्र कश्यप, सच्चिदानंद गौड़, आशुतोष प्रसाद, शगुफ्ता साहीन, अद्यशा मोहन्ती, नैंसी कुमारी, प्रियांशुकुमारी गुप्ता, शिक्षक शिक्षिकाओं में प्राचार्या सिस्टर जयंती के अलावा मुकेशकुमार सिंह, अलका राही, नाबेर्टा मैम आदि शामिल थे।

सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी 23 को करेंगी नामांकन

रांची। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने सोमवार को सिंबल प्रदान किया। जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में जनसभा आयोजित किया गया है, जिसे स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। प्रत्याशी जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होंगी।

बीडीओ ने वॉलंटियर्स और बीएलओ को दी उनके कार्य व दायित्वों की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार द्वारा सोमवार को प्रखंड सभागार, आरसी बालक मध्य विद्यालय गाँगूटोली और ओडगा पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर वॉलंटियर्स और बीएलओ को उनके कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। जिसमें वॉलंटियर्स को आगामी 13 मई को मतदान दिवस के दिन किस प्रकार सेवा कार्य करने हैं, साथ ही दिव्यांगों और निःशक्तजनों की सहायता कर उनका अभिवादन करना, गर्मी के मौसम के अनुरूप जल व्यवस्था में सहयोग करने से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई। और लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी से आह्वान किया। मतदान कराने वाले पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए ताकि मतदान में लोगों को बाधा पहुंच सके। बूथ स्थल पर सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था की जायेगी और वृद्ध व दिव्यांगों केल लिए विशेष व्यवस्था रहेगी।

न्यूज बॉक्स

एक ही रात दो घरों में चोरी

चान्हो। चान्हो थाना क्षेत्र के एक ही गांव में दो अलग अलग घरों से रविवार रात चोरी का मामला सामने आया है। घटना टांगर गांव की है। बताया जाता है दो अलग अलग घरों से नगद सहित जेवर मिला कर करीब दो लाख की चोरी का आकलन किया गया है। चोरों ने बिनोद कुजूर और राज कुजूर के घरों को अपना निशाना बनाया जो एक दूसरे घरों से सटा हुआ है। पीड़ित परिवारों ने बताया रविवार को गांव में शादी थी और गांव के अधिकांश लोग उसी शादी समारोह में शामिल थे। इसी दौरान घर में ताला बंद देख चोरों ने बिनोद कुजूर के घर से 10 हजार नगद और करीब 50 हजार के जेवरात तथा राज कुजूर के घर से 35 हजार नगद और करीब एक लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। राज कुजूर ने बताया कि घर के मेन गेट का ताला तोड़ने के बाद कुदाल से आलमीरा को भी तोड़ दिया और उसके अंदर रखे जेवरात और नगद को उड़ा लिया।शादी से वापस लौटने के बाद टूटे हुए ताला को देख घरवालों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं बिनोद कुजूर के घर में भी दो अलग अलग कमरों में रखे सामान की चोरी की गई है। दोनो पीड़ित द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने बताया छापेमारी की जा रही है जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में रहेंगे।

मनरेगा की योजनाओं का निरीक्षण

मांडर। प्रखंड के अन्तर्गत नगड़ा पंचायत में सोमवार को मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कई सिंचाई कूप व आम बागवानी का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही सिंचाई कूप की चौड़ाई व गहराई की मापी भी करायी। यहां के बाद उन्होंने नगड़ा पंचायत सचिवालय मनरेगा से जुड़े कर्मियों के साथ बैठक की और संबंधित योजनाओं से जुड़े 7 पंजी का अवलोकन किया। पंजी का संधारण पूरा नहीं होने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने कर्मियों को दिए। मौके पर मनरेगा बीपीओ गौरव मिश्र, जेई आशुतोष कुमार, पंचायत सेवक आनंद सिंह, रोजगार सेवक मो शमीम, मुखिया बहादुर उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

मुरी रेलवे स्टेशन पर शायरे हिंदुस्तान हाजी दिलकाश रांचवी का हुआ स्वागत

सिल्ली/मुरी। शायरे हिंदुस्तान हाजी दिलकाश रांचवी कलुवाडीह निवासी एक माह पूर्व हजे उमरा के लिए मक्का शरीफ, मदीना शरीफ तशरीफ लेकर गए थे। उनके पुरी आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन से मुरी स्टेशन पहुंचने पर मुरी सिल्ली के मुस्लिम समुदाय के लोग एवं प्रखंड जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने उनको माला पहनकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने मुरी स्टेशन के बाहर देश, राज्य और समाज में अमन शांति के लिए दुआएं पढ़ी। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, मोहम्मद फारूक, हाजी मौलाना, नासिर अली फैजी, कलुवाडीह के इमाम, कारी तयेब, मंजूर आलम, शाहिद, हमीद रजा, जमील अंसारी, अब्दुल जब्बर, मोहम्मद तैयब, कुटाम के इमाम शहबाज रजा कादरी, मुख्तार आलम, सरवर रांचवी, मोहम्मद जमीर हुसैन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा गांव में तीन दिवसीय शिवमंडा का शुभारंभ

लापुंग। लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा में तीन दिवसीय शिव मंडा पुजा कार्यक्रम का लोटन सेवा के साथ शुभारंभ किया गया। भोक्ताओं के दल ने पवित्र स्नान कर शिव मंदिर के चारों ओर लोटन सेवा कर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। पटभोक्ता रामजीत राम और विजय सिंह के नेतृत्व में सत्येंद्र नाथ शाह, अनुप राम, सुरेश बैठा, सुरेश नायक, धाधु मुंडा, गंदुरा मुंडा, धर्म नायक, जोगेंद्र नायक सहित 20 भोक्ताओं के दल ने शिव के प्रति अपनी अटुट विश्वास आस्था एवं श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। भोक्ता विजय सिंह ने बताया कि पाट को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पुरना टोली, बरटोली, खरवाटोली, बडकाकुरा गांव में ले जाकर नगर भ्रमण किया गया। पाट का दर्शन कर लोग अभिभुत हुए। इस मौके पर शिव मंडा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र नाथ शाह, सचिव अशोक नाथ शाह, कोषाध्यक्ष संदीप साहु, पंकज साहु, रंथु नायक विजय साहु , फिरेंद्र साहु अजय राम सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। मंगलवार को जागरण, फुलखुंदी एवं बुधवार को झुलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गांव में भजन कीर्तन का दौर जारी है। शिव मंडा पूजा के दौरान गांव में भक्ति की शक्ति देखी जा रही है।

बिरसा कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

खूंटी। झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कॉलजे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है। पहली बार 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाया गया था। अब इसमें विश्व स्तर पर समन्वित कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसमें 193 से अधिक देशों के एक बिलियन लोग शामिल हैं। 2024 का आधिकारिक विषय ग्रह बनाम प्लास्टिक है। पृथ्वी दिवस पर दुनिया भर में 100 मिलियन से अधिक लोगों ने 50वीं वर्षगांठ मनाई, जिसे इतिहास में सबसे बड़ा ऑनलाइन जन जुटाव कहा जा रहा है। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, कुशल मुंडा, कॉलेज की प्राचार्य जेके किड़ो, स्टडी स्मृति संस्था की मेंबर, एवं दिशा कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

पोस्टल बैलेट से मतदान की दी गई जानकारी

खूंटी। लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के अब्सेंटी वोटर्स एसेंसियल सर्विस कैटेगरी के मतदाताओं से संबंधित वीडियो का अवलोकन तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने की। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वीडियो के माध्यम से डाक मतपत्र संबंधित सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों-कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। आवश्यक सेवा के ऐसे सभी पदाधिकारी और कर्मी डाक मतपत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने विभाग, कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म 12 डी प्रस्तुत करेंगे, जिसके जांचोंपरांत निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र निर्गत किया जाएगा।

विहिप पूरे प्रांत में हनुमान जन्मोत्सव मनाएगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) झारखंड प्रांत ने एक होटल में प्रेस वार्ता कर सोमवार को बताया कि चैत्र पूर्णिमा के दिन मंगलवार (23 अप्रैल) को विहिप पूरे प्रांत में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाएगी। विहिप के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पूरे प्रांत में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विहिप का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव 9 अप्रैल से राज्य के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11,000 स्थानों पर आयोजित किए गए। श्री रामोत्सव के बाद अब 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव का तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। विहिप के प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रांत के लगभग 31,000 स्थानों पर मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान द्वारा सभी स्थानों पर कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूल में इसकी तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।,प्रेस वार्ता में प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, कैलाश केसरी, रांची महानगर अध्यक्ष सतीश गुप्ता, वीके गद्यान चिन्मया मिशन, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

श्रीराम छठी व हनुमान जयंती पर भव्य महाआरती आज



नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीराम छठी कार्यक्रम एवं हनुमान जयंती के अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची के तत्वावधान में महावीर चौक स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार (23 अप्रैल) को संध्या 6 बजे भव्य महाआरती, गंगा आरती, हनुमान चालीसा आरती एवं भगवान रामचंद्र जी की आरती का आयोजन होगा। साथ ही, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है।

आरती कार्यक्रम का आयोजन पियूष पाठक द्वारा संध्या 6 से 7 बजे तक किया जाएगा। आरती के बाद श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल रांची के हनुमान ध्वज को उतारा जाएगा। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण होगा। श्री महावीर मंडल ने रांची के सभी अखाड़ा तथा क्षेत्रीय महावीर मंडल के रामभक्तों से अपील की है कि मंगलवार (23 अप्रैल) को संध्या 7:00 बजे के बाद विधि विधान से रांची के चौराहों, सड़कों और अखाड़ों पर लगाए गए अपने-अपने हनुमान ध्वज को उतार कर सम्मानपूर्वक उचित जगह पर परंपरा के अनुसार रखें, ताकि हनुमान ध्वज की मयार्दा बनी रहे।

सुप्रभात रांची

लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को भाग लेना चाहिए। पांच साल तक सरकार पर उंगली उठाने वालों के लिए यह समय उचित है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत वृद्धि के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है कि चैंबर लोगों को जागरूक करना चाहता है। वह 20 बूथ पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के साथ मतदाताओं के स्वागत के लिए शिविर का आयोजन करना चाहता है।

किशोर मंत्री, अध्यक्ष, एफजेसीसीआई।

राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा तीन गिरफ्तार, दो निरुद्ध

रांची। रांची के बेड़ो थाना की पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक भी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी ने रात आठ बजे फोन कर थाने में सूचना दी थी कि उसका छोटा भाई सरबर अंसारी राज मिस्त्री का काम करता है। वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराईन को पैसा देने के लिए चरिया गांव गया था, जो अभी तक घर नही आया है और उसका फोन भी बंद है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी की खोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अंदर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया।

रिम्स में सुरक्षा में भारी चूक, सर्जरी विभाग से कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार की रात भाग निकला। आरोपी पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव और जीतलाल महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपी भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा है। उस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है।

सेंट्रल एकेडमी बरियातू में अर्थ डे पर सेमिनार का हुआ आयोजन

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से पृथ्वी दिवस पर सोमवार को बरियातू रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी में 'पर्यावरण संरक्षण अभियान' के तहत विद्यार्थियो के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से युवा पर्यावरणविद डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, सेंट्रल एकेडमी बरियातू की प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने अपने-अपने विचार बच्चों से साझा किए। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पोधों की देखभाल भी बहुत जरूरी है। यदि हर बच्चा एक पोधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो कुछ हद तक हम प्रदूषण से मुक्ति पा सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अगर हमें स्वस्थ रहना है, तो पेड़-पौधों की रक्षा करनी ही होगी। हम पृथ्वी का जन्म दिवस मना रहे हैं। हमारा उद्देश्य हरियाली को वापस लाना है। सभी ने बच्चों को हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया। साथ ही, धरती माता की रक्षा के लिए पौधरोपण, जैविक खेती को बढ़ावा, वर्षा जल संग्रह, परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने की अपील भी की। मौके पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति पेंटिंग बनाकर सभी रांची वासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपील की। इस अवसर पर पल्लवी कुमारी, स्वेता परिधा, आमिर सोहेल, अंकिता चौरसिया सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

गर्मी आते ही बढ़ने लगी अगलगी की घटनाएं

अग्निशमन विभाग के पास साधन का अभाव

अमित कुमार। रांची

बड़ी-बड़ी इमारतें झारखंड की पहचान बनती जा रही हैं। लेकिन, इन इमारतो में सुरक्षा पर कितना ध्यान दिया जाता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। यदि बहुमंजिला इमारत के सबसे ऊपरी तल्ले पर आग लग जाए, तो वहां से लोगों को बचाने के लिए राज्य में अभी कोई व्यवस्था नहीं है। बहुमंजिले इमारतों में आग लग जाने पर लोगों को बचाने के लिए झारखंड में मात्र एक ब्रांटो स्काई लिफ्ट वाहन है, जो पिछले एक साल से खराब पड़ा हुआ है। वैसे, छोटे स्तर पर हुई अगलगी में लोगों को बचाने के लिए अग्निशमन विभाग के पास साधन है, लेकिन शहर की संकीर्ण गलियों के कारण घटनास्थल पर दमकल वाहनों का पहुंच पाना आसान नहीं है। गर्मी का मौसम आते ही फ्लैटों सहित कई जगहों पर अगलगी की छोटी-बड़ी घटनाएं होने लगी हैं। इसी को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने अपार्टमेंट में अगलगी की घटना ना हो, इसके लिए 200 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। उन्हें अपने भवन में आग से बचाव के उपाय करने की हिदायत देते हुए कहा गया है कि फ्लैट में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम कर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दें। तब ही विभाग उन्हें एनओसी देगा।

बड़ी इमारतों में आग लगी, तो लोगों को बचाना होगा मुश्किल

केवल एक ब्रांटो स्काई लिफ्ट वाहन पर वह भी खराब

पिछले एक वर्ष में हुईं 2475 अगलगी की घटनाएं

पिछले एक वर्ष में राज्यभर में छोटी-बड़ी अगलगी एवं आगजनी की कुल 2475 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें सबसे अधिक गोलमुरी में 206 घटनाएं हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर धनबाद है, जहां 202 घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं, देवघर में 188 तथा गोड्डा में 101 घटनाएं हुई हैं। इसमें मरने वालो की संख्या सबसे अधिक धनबाद में कुल 19 है।

अग्निशमन स्टेशन में है कर्मचारियों का अभाव

रांची सहित झारखंड के सभी अग्निशमन स्टेशनों पर कर्मचारियों की भारी कमी है। इन अग्निशमन स्टेशनों पर वाटर टेंडर टाइप बी 4500 लीटर, वॉटर बाउजर 7000 लीटर, फोम वाटर टेंडर, मिनी मिक्स वाटर टेंडर, इमरजेंसी रेस्क्यू टेंडर, ब्रांटो स्काई लिफ्ट जैसे वाहन हैं। इन वाहनों का उपयोग कर आग पर काबू पाई जाती है, लेकिन कर्मचारियों की कमी से अगलगी के समय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

रांची में नाम के हैं 5 फायर स्टेशन

झारखंड में कुल 35 फायर स्टेशन हैं। वहीं, बुंडू समेत रांची में कुल पांच फायर स्टेशन हैं। ये फायर स्टेशन बुंडू के अलावा राजेंद्र चौक, ऑड्रे हाउस, पिस्का मोड़ और धुर्वा में मौजूद हैं। अलग-अलग इलाकों में आग लगने पर इन स्टेशनों में घंटी बजती है, जिसके बाद फायर अफसर गाड़ी लेकर आग बुझाने निकल पड़ते हैं। सिर्फ राजेंद्र चौक स्थित मुख्यालय को छोड़कर अन्य कहीं भी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस फायर ब्रिगेड वाहन नहीं हैं। केवल एक वाहन है, जिसमें मशीन से फोम और पानी दोनों निकलने की सुविधा है।

फायर सर्विस एक्ट नहीं होने से परेशानी है। सरकार को इस संदर्भ में जानकारी दी गई है। वर्तमान में वाहनों का अभाव है। नए वाहन खरीदने के लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 148 करोड़ के फंड का उपयोग नए अग्निशमन भवन बनाने तथा नए वाहन और मशीनों की खरीदारी के लिए होगा।

अनिल पालटा, महानिदेशक सह महासमादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

रांची। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रांची समर्पण शाखा ने सोमवार को हात्मा बस्ती, सिदो कान्हू पार्क के नजदीक कीटनाशक दवा का छिड़काव सुबह 8:00 बजे किया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, धरती मां के समान है। हमें खुद इसे साफ रख कर इसका सम्मान करना चाहिए। पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार और संयोजिका राधा ड्रोलिया के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। शाखा सदस्यों ने बस्ती के लोगों से बात कर उन्हें साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, कविता सोमानी, राधा ड्रोलिया उपस्थित थी। इसके अलावा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम 'हर बच्चा स्वस्थ' सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा रांची द्वारा मारवाड़ी कन्या पाठशाला में किया गया। 'हर बच्चा स्वस्थ' सप्ताह कार्यक्रम में आज कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के साथ, 40 मिनट की एक कार्यशाला रखी गई। इसमें बच्चियों को 'गुड टच बैड टच' के बारे में सेशन करवाया गया। जेसीआई इंडिया की जोन ट्रेनर जेसी विनीता चितलांगिया ने यह सेशन लिया।

अवैध रूप से चल रहे वाटर बॉटलिंग प्लांट पर हुई कार्रवाई

रांची। राजधानी रांची में इन दिनों अवैध बॉटलिंग प्लांट का धंधा जोरों पर चल रहा है। गर्मी के आते ही इस धंधे में चार चांद लग गया है। ऐसे में रांची नगर निगम ने सोमवार को राजधानी के कई बॉटलिंग प्लांट संचालकों पर कार्रवाई करते हुए प्लांट को तत्काल बंद करने का आदेश दिया है। भूमिगत जल की अवैध निकासी को रोकने के लिए नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के निर्देश पर बॉटलिंग प्लांट संचालकों के खिलाफ लगातार जांच चल रही है। इसी क्रम में धावक दल और सेंट्रल ग्राउंडवाटर बोर्ड ने संयुक्त अभियान चलाकर 20 वाटर बॉटलिंग प्लांट के संचालकों की जांच की। सेंट्रल ग्राउंडवाटर की टीम ने संचालकों को निर्देश दिया कि यदि भविष्य में पुनः अवैध रूप से प्लांट का संचालन करते हुए पकड़े गए, तो दो लाख रुपये के दंड के साथ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

धरती के पोषण व संरक्षण से ही मनुष्य का अस्तित्व संभव : रजक

- मारवाड़ी महाविद्यालय में 'इको क्लब' ने मनाया पृथ्वी दिवस
- प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया सखुआ के पौधे का रोपण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को 'इको क्लब' मारवाड़ी महाविद्यालय रांची के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने सखुआ पौधे का रोपण किया। डॉ मनोज कुमार ने उपस्थित सदस्यों को पृथ्वी, जीवन के लिए यहां आवश्यक परिस्थितियां तथा मानवीय हस्तक्षेप से उत्पन्न असंतुलन को विस्तार से बताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में सभी लोगों की भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 'इको क्लब' के संयोजक जय प्रकाश रजक ने कहा कि धरती और इसकी विविधता के पोषण तथा संरक्षण से ही मनुष्य का अस्तित्व संभव है। ज्यों-ज्यों अपने स्वार्थ में हम इन्हें नष्ट कर रहे हैं, त्यों-त्यों हम संकटों से घिरते जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पृथ्वी और इसके पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार, डॉ ज्योति किंडो, अनुभव चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में इको क्लब के ऋषि, अजहर, अमित, प्रियांशी, रेहान, कनिष्क, आदर्श, श्रुति आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

झारखंड चैंबर ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक चैंबर भवन में सोमवार को उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विश्व धरती दिवस के अवसर पर कहा गया कि यह धरती माता हम सब की पोषक हैं। हम सबको धरती की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है और यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इससे बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करना चाहिए। पौधरोपण से ही पर्यावरण की रक्षा संभव है। बैठक में चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल, सदस्य आनंद जालान, परमजीत सिंह चाना, मनोज कुमार मिश्रा, स्वामी दिव्यज्ञान, मोनल श्रीवास्तव, कुमार शिवम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

समाज के सामूहिक प्रयास से बचेगी पृथ्वी : डॉ मयंक मुरारी

उषा मार्टिन ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। इसके लिए हरेक व्यक्ति, परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से इसे बचाया जा सके। ये बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कही। वे सोमवार को महिलौंग मध्य विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। गांव के स्तर पर बच्चों को जागरूक कर परिवार को इन प्रयासों से जोड़ा जा सकता है। ईएसजी की मैनेजर स्नेहा ने कहा कि जल, वायु और विद्युत संरक्षण से ही हम पृथ्वी की सुरक्षा कर सकेंगे। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन ने अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किए हैं। इससे गांव के स्तर पर लोगों की जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा। कार्यक्रम में बच्चों के बीच भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। भाषण प्रतियोगता में माधुरी को पहला, रबीना को दूसरा एवं सुहानी को तीसरा स्थान मिला। पेंटिंग में श्रीद्धि और रुचिका को पहला, शिवम कुमार को दूसरा एवं हरीश को तीसरा स्थान प्रापत हुआ। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शचींद्र कुमार ने किया। इसको सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरुण कुमार एवं भुवनेश्वर महतो ने अहम योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

हमारी अच्छी आदतें ही पृथ्वी को स्वच्छ कर सकती हैं : स्मिता

- संत जेवियर्स कॉलेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

संत जेवियर्स कॉलेज रांची में जिओ क्लब भूगोल विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को कॉलेज सभागार में 'वन अर्थ, नो प्लान बी' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा एवं आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित अतिथि एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बढ़ते पर्यावरण निम्नीकरण के मुद्दों के बारे में बात करते हुए ऊर्जा का संरक्षण करने और नवीकरणीय संसाधनों की ओर बदलाव करने का सुझाव दिया। इसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाई हुई प्रस्तुति दिखायी गई, जिसमें झारखंड एवं पर्यावरण बदलाव के मुख्य मुद्दों को लोगों के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि हमारे युवा एवं सभी व्यक्ति हमारी पृथ्वी के पर्यावरण व्यवस्था के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अगर धरती को समझना है, तो आदिवासी जीवन शैली को समझना होगा। आमंत्रित अतिथि वन संरक्षक एवं राज्य सिल्वीकल्चरिस्ट, झारखंड (आईएफएस) स्मिता पंकज ने माइक्रो प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और सिंगल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि हमारी अच्छी आदतें ही पृथ्वी को दोबारा स्वच्छ होने में सहायता कर सकती हैं। प्रधानाचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा, एसजे ने छात्रों को संबोधित कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व और प्रकृति की रक्षा के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता पर जोर देकर माहौल तैयार किया। उन्होंने कहा, संत जेवियर्स कॉलेज रांची उन जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है, जो पर्यावरण प्रबंधन के महत्व को समझते हैं।

पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी : डॉ राम सिंह

डीपीएस रांची में मनाया गया पृथ्वी दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पृथ्वी दिवस के उत्साही उत्सव में, डीपीएस रांची ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। विद्यालय परिसर में आयोजित पृथ्वी दिवस के कार्यक्रम में अपने ग्रह के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थीं। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने पृथ्वी दिवस का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों से सुसज्जित बैज पहनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने पृथ्वी दिवस के महत्व और पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश को समाज एवं देश में फैलाने का आग्रह किया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल द्वारा आयोजित साइकिल रैली थी, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने समान रूप से भाग लिया। हवा में लहराते पृथ्वी संरक्षण की वकालत करने वाले रंगीन बैनरों के साथ, प्रतिभागियों ने स्कूल के आसपास की सड़कों पर साइकिल चलाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी और प्रदूषण पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता का संदेश फैलाया। इसके अलावा, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, डीपीएस रांची में पौधरोपण का आयोजन किया। छात्रों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरे विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। पौधरोपण अभियान ने हरित एवं सुरक्षित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता के उद्देश्य को उजागर किया।

सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

उमड़ा जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

मारपीट की घटना के पीछे भाजपा

सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी।

हमें लगता है कि यह भाजपा की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

आमने सामने

रैली के केंद्र में कल्पना, अपने ही प्रदेश में दरकिनार हुए सीएम : प्रतुल

आदिवासी मुख्यमंत्री को मंच में एक किनारे बैठा कर अपमानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने उलगुलान महारैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया। कहा कि पूरी रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगले नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन मंच के केंद्र में बैठी रही जबकि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से स्थान नहीं मिला। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री के अपमान है। प्रतुल ने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई? रैली में सहयोगी दल के बीच खूनी संघर्ष हुआ। निराश-हताश झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हंगामा का आरोप लगा रहीं है जबकि वीडियो में साफ है कि कांग्रेस और राजद के नेता- कार्यकर्ता एक-दूसरे को पीट रहे थे।

शहीदों और संस्थापकों तक को भुलाया

प्रतुल ने कहा कि रैली के एक दिन पहले बसंत सोरेन स्थल

निरीक्षण कर रहे थे, लेकिन रैली के दिन गायब रहे। रैली में सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था, सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था इसलिए बसंत रैली में नहीं आए। इतना ही नहीं रैली में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे, लेकिन झामुमो के संस्थापक स्व. विनोद बिहारी महतो, स्व. निर्मल महतो और स्व. दुर्गा सोरेन को किसी ने याद भी नहीं किया।

झामुमो के पास ना नीति ना सोच : गीता कोड़ा

नवीन मेल संवाददाता। रांची चाईबासा। तांबो स्थित खूंटकट्टी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए गीता कोड़ा ने कहा कि झारखंड की सत्तारूढ़ झामुमो के पास राज्य और आदिवासियों के विकास का ना कोई नीति है और न ही सोच। उसने जनता को सिर्फ धोखा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो वालों ने जनहित में काम करने की बजाय लोगों को सिर्फ गर्त में ढ़केलने का काम किया। नतीजायह है कि प्रदेश में बेरोजगारी, भुखमरी, पलायन और भ्रष्टाचार की समस्या और गंभीर हो गयी। गीता कोड़ा ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो वाले केवल केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को रोकने में लगे रहे। अपना कोई काम नहीं किया, जो दिखे। क्योंकि उनकी सोच विकास है ही नहीं। उन्होंने कहा कि गांवों में करीब 35 हजार बच्चें स्कूल से ड्रॉपआउट हैं। फिर भी झारखंड सरकार की नींद नहीं खुल रही है। रोजगार नहीं है। गांवों से पलायन जारी है। गांव के गांव खाली हैं। ये मोदी से दस साल का हिसाब मांग रहे हैं लेकिन अपना हिसाब नहीं दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को डराया धमकाया जा रहा है, लेकिन भाजपा के सिपाही डरनेवाले नहीं हैं। भाजपा कार्यकर्ता झामुमो-कांग्रेस गठबंधन वाली इस दमनकारी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। अपनी असफलता को छुपाने के लिए झामुमो भाजपा पर आरोप लगा रही है।

हेमंत की गिरफ्तारी के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप निराधार

सभा में पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप निराधार और झूठा है। यह कानून का मामला है। अपनी असफलता को छुपाने के लिये झामुमो भाजपा पर दोष मढ़ रही है। रमेश हांसदा ने कहा कि मोहनपुर में एक हो समाज की महिला प्रत्याशी को हथियारबंद झामुमो वालों द्वारा बंधक बनाना और मारपीट करना निंदनीय है। लोकतंत्र में चुनावी प्रचार का अधिकार सबको है। सांसद गीता कोड़ा के कार्यकाल में बहुत सारे काम हुए हैं। झामुमो वालों के पास मुद्दे नहीं हैं। इसलिये वे भाजपा प्रत्याशी के साथ मारपीट जैसा शर्मनाक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन ने पिछले तीस सालों से केवल जनता को दारू-मीट देने का ही काम किया है। इसके अलावे सभा को भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक बड़कुंवर गागराई, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, गणेश महली, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, रमेश हांसदा, रामानुज शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक गुरूचरण नायक, ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, विनोद श्रीवास्तव, गीता बालमुचू, संजू पांडे, नीला नाग, प्रदीप वर्मा, विश्राम मुंडा, रामलाल मुंडा, भूषण पाट पिंगुवा समेत बड़ी संख्या में सिंहभूम लोकसभा सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों के नेता व कार्यकर्ता पहुंचे थे।

नामांकन के पूर्व देशाऊली में की पूजा अर्चना

चाईबासा। सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को चाईबासा समाहरणालय में नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता मौजूद रहे। नामांकन पर्चा दाखिल करने से पूर्व गीता कोड़ा अपने पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा के साथ गितिलपी गांव पहुंची, जहां ग्रामीण उन्हें ढोल-नगाढ़ों के साथ आदिवासियों के पवित्र स्थल देशाऊली तक ले गए। आदिवासी परंपरा के अनुसार गीता कोड़ा ने अपने पति के साथ देशाऊली में पूजा-अर्चना की और शीश झुका चुनाव में जीत की दुआ मांगी। इसके बाद तांबो स्थित खूंटकट्टी मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल हुई। पर्चा भरने से पूर्व गीता कोड़ा गांधी मैदान से निकले जुलूस में भी शामिल हुई।

नामांकन से पूर्व भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने झामुमो पर साधा निशाना

कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं को डरा-धमका रहे हैं झामुमो के लोग

पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के आरोप से अखिलेश सिंह बरी

जमशेदपुर। एडीजे-4 आनंद मणि त्रिपाठी की कोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल में बंद जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी लेकिन अखिलेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 120 बी, आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपित बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से सुनवाई चल रही है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा, अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा जबकि आरोपित गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च, 2008 को साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गों ने फायरिंग की थी। गोली उनकी छाती, पैर, कान के पास में लगी थी। बताया जा रहा है कि साकची जेल के तत्कालीन जेलर उमाशंकर पांडेय हत्याकांड में तत्कालीन जज आरपी रवि ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी थी।

झारखंड राज्य भाजपा की देन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि भाजपा जो बोलती है वह करती है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड राज्य भाजपा की देन है। अलग राज्य की लड़ाई तो देश की आजादी के बाद से ही शुरू हो गयी थी। लेकिन सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य देने के बजाय जनता को घुमाती रही। लेकिन भाजपा सरकार केंद्र में आते ही वर्ष 2000 में झारखंड राज्य बनाकर दे दिया। कांग्रेस राज में ना तो सड़क थी, ना बिजली भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के राज में गांवों सड़कें नहीं होती थीं। बरसात में आवागमन की समस्या और बढ़ जाती थी। लेकिन आज केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद गांव गांव में सड़कें बनीं। आना जाना सुविधाजनक हो गया है। कांग्रेस के साठ सालों के राज में गांवों में बिजली नहीं पहुंची। लेकिन मोदी के सत्ता संभालने के बाद यह काम भी उन्होंने कर दिया। अब लोग ढिबरी व केरोसिन तेल को लोग भूल ही गये। 2047 तक भाजपा भारत को बनाएंगी विकसित राष्ट्र बाबूलाल मरांडी ने कहा कोरोनाकाल में जब सारा काम ठप था तब मोदी ने गरीबों को बैठे बिठाये फ्री चावल दिया जो अब भी जारी है।

- **कांग्रेस 50 साल से घुमाती रही, भाजपा सरकार केंद्र में आते ही 2000 में झारखंड बनाकर दे दिया**
- **कांग्रेस के साठ सालों के राज में गांवों में बिजली नहीं पहुंची, भाजपा ने इसे भी पूरा किया**

आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास में गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रहे हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं रुकता।

भुईहरी जमीन हड़पने वाले आदिवासियों का क्या विकास करेंगे

राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुईहरी जमीन हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न उनकी रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देने के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें।

शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश

मतदान से कोई मतदाता छूटे नहीं, रखें ध्यान : रवि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची समेत, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर के शहरी इलाकों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने चारों जिला के निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया है। सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीईओ के रविकुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्य योजनाओं का क्रमवार समीक्षा की।

स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के लिए करें प्रेरित : के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें । इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अहर्ता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें। उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहत स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया।

सभी मतदान केंद्र मॉडल केंद्र के रूप में विकसित

सीईओ ने कहा कि लोक सभा सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में पदाधिकारी विकसित करें । मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इस हेतु उन्हें अपने मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग कराने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया।

जनता को भ्रमित कर एनडीए को रोकना गठबंधन का उद्देश्य : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक शामिल हुए। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुँच है। इस पहुँच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावी चहेरा है वहीं दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है। हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए।

न्यूज ब्रीफ

उलगुलान रैली में मारपीट मामले में धुर्वा थाना में दो प्राथमिकी दर्ज

रांची। इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस और राजद कार्यकताओं के बीच हुई मारपीट मामले में धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में प्रभु दयाल यादव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। वहीं जिला प्रशासन ने आचार संहिता का उल्लघंन मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, प्रभात तारा मैदान में दिन के 2.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग कार्यक्रम में घुसे और इंडिया गठबंधन का विरोध करने लगे। जब नंद गोपाल त्रिपाठी ने इसका विरोध किया तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उनके सिर पर तख्ते के डंडे से हमला किया। इस हमले में उनका सिर फट गया। हमला करने वाला प्रभु दयाल यादव और उसके साथ 20-25 लोग थे। जो विरोध कर रहे थे। खून से लथपथ होने के बाद उन्हें पारस अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज हुआ।

गर्मी से बच्चों को बचाने को ऑनलाइन क्लास शुरू करे राज्य सरकार

रांची। झामुमो प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टाचार्य ने सोमवार को राज्य में भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों में ऑन लाइन क्लास शुरू कराने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने कहा कि छात्रों के कोर्स पूरा होना चाहिए, लेकिन छात्रों को गर्मी से बचाना भी जरूरी है, इसलिए शिक्षक स्कूल से बच्चों के शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करें। नियमित रूप से ऑनलाइन क्लास हो ताकि बच्चों को भीषण धूप में घर से बाहर नहीं जाना पड़े।

हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा, चैशायर होम रोड की जमीन की क्या प्रकृति है और मूल रैयत कौन है?

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की क्या प्रकृति है तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आया है उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी। विष्णु अग्रवाल पर चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल,विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

अर्जुन मुंडा व कालीचरण मुंडा आज दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

खूंटी। खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के अलावा कई विधायक और और भाजपा नेता मौजूद रहेंगे। बताया गया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुबह दस बजे सोनमेर माता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि नामांकन के पश्चात स्थानीय पतरा मैदान में एक जनसभा का आयोजन अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनसभा में छह विधानसभा क्षेत्रों के 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। इधर खूंटी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भी मंगलवार को अपराह्न दो बजे नामांकन पत्र दखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कांग्रेस कें प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलमा अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कांगाड़ी, सिमडेगा के विधाायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस और झामुमो के कई नेता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सोमवार को कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुनीता गोप सहित कई नेता मौजूद थे। बंधु तिर्की ने बताया कि नामांकन के पूर्व दोपहर साढ़े बारह बजे कॉओपरेटिव मैदान में जनसभा होगी, जिसमें इंडी गठबंधन के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे।

हटिया विधायक नवीन जायसवाल की माता का निधन

रांची। हटिया विधानसभा से विधायक नवीन जायसवाल की माता शांति जायसवाल का निधन सोमवार शाम सात बजे रिम्स में हो गया। उनके निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक प्रकट किया है। मरांडी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। तथा परिजनों को दुख सहने की ताकत एवम धैर्य प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह , उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय , राकेश प्रसाद, आरती कुजूर सहित अन्य शामिल हैं।

भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा

खूंटी। भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी-मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी।

एक नजर

भाकपा माले ने पार्टी का मनाया 56वां स्थापना दिवस

गिद्दी। भाकपा माले हेसालौंग कमेटी ने सोमवार को बसकुदरा में पार्टी का 56 वां स्थापना दिवस मनाया। सर्वप्रथम में मजदूर नेता बैजनाथ मिस्त्री ने झंडोतोलन किया। इसके बाद उपस्थित पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना के उदेश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा वर्तमान समय लोकसभा चुनाव का दौर है। इस समय में पार्टी कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना के उदेश्यों को पूरा करने के लिए लोकतंत्र विरोधी भाजपा सरकार को केंद्र से बेदखल करना होगा। कार्यकम की अध्यक्षता गोविंद राम ने की। जबकि इस अवसर पर सोहराई किस्कू, अशोक गुपता, रामदेव राम, महादेव मांझी, पांडेय मांझी, रस्का हेम्ब्रम, सुखराम मांझी, धनू टुडू, संजय उरांव, सुरेश तिवारी, मदन सिंह, रंजीत लाल, शिकारी मांझी, चंद्रदेव सोरेन आदि उपस्थित थे।

क्षेत्रीय सरहुल पूजा समिति गिद्दी की बैठक संपन्न

गिद्दी। क्षेत्रीय सरहुल पूजा समिति गिद्दी ए की बैठक सोमवार को साइडिंग स्थित रैविमो कार्यालय में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू और गिद्दी ग पंचायत के मुखिया हीरालाल गंझू उपस्थित थे। बैठक में गिद्दी ए पीओ कार्यालय परिसर स्थित सरना स्थल समक्ष 29 अप्रैल को क्षेत्रीय सरहुल मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्रीय सरहुल मिलन समारोह को सफल बनाने की तैयारी को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश महली और संचालन आशीष करमाली ने की। जबकि बैठक में सुनील गंझू, संतोष करमाली, महादेव महली, शंकर करमाली, बिरजू साव, पप्पू सिंह, बहादूर मुर्मू, भीम साव, शनि गंझू, मंटू मांझी, विकास गंझू, दीपक महली, मनोज टुडू, अजय महली, गुलेश्वर महली, सुरेश गंझू, पवन बेसरा, रमेश सोरेन, रवि टुडू, बासुदेव गंझू, विनोद मुंडा, रमेश गंझू उपस्थित थे।

टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

रामगढ़। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के पर्यावरण विभाग ने टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल घाटोटांड़ के बच्चों के साथ विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम प्लानेट वर्सस प्लास्टिक्स पर छात्रों को जागरूक किया। स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा छात्रों ने बीज बॉल बनाने, बेकार प्लास्टिक से उपयोगी उत्पाद बनाने, जैव एंजाइम बनाने जो मिट्टी के स्वास्थ्य में योगदान देता है और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देता है जैसी विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो की पर्यावरण टीम और टाटा डीएवी स्कूल घाटो के शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित किया। उन्हें समझाया कि जैव विविधता की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर हमारे ग्रह में कैसे निवेश किया जाए।

बरकट्ठा क्षेत्र में भीषण गर्मी से ग्रामीणों का हाल-बेहाल

पेयजल की किल्लत से जूझ रहे बरकट्ठा के लोग

बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित जलमीनार दिल्ली की कुतुबमीनार की तरह खड़ी, दर्शनीय वस्तु बनकर रह गई है

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में पिछले दस दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल है। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी का प्रचंड रूप दिख रहा है। गर्म हवा व लू के चलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण पानी की समस्या भी गहराने गई है। पेयजल के लिए ग्रामीणों को दूर दराज से जाकर पानी लाना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश चापाकाल जवाब दे दिया हैं। कहीं कहीं चापाकल से 10-15 बार चलाने से थोड़ा पानी निकल रहा है। पानी की सबसे अधिक समस्या सिझुआ, उपरेली डेबो, हेठली डेबो, पतितिरी, करंडो, पाला, गैड़ा, बसरामो, कपका समेत बरकट्ठा उत्तरी व दक्षिणी गांव में है. बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित जलमीनार दिल्ली की कुतुबमीनार की तरह खड़ा लोगों के दर्शनीय वस्तु बनकर रह गयी है. निर्माण के कुछ महीनो बाद से ही यह जलमीनार बंद पड़ा है. इसके पश्चात लोगो को अब तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ है. भीषन गर्मी में यह लोगो को याद दिलाकर दर्द को और गहरा बना देती है. जानकारी होगी कि लगभग तीन करोड़ सत्तर लाख की लागत से लोगो को घर-घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बनाया गया था. पूरे बरकट्ठा बाजार व शहर में पाइप का जाल बिछाया गया जो गहरी नींद में योंही सोयी हुई है. गौरतलब हो कि जलमीनार के बने लगभग पंद्रह वर्ष हो गये हैं. इस बाबत समाज सेवी दर्शन सोनी ने कहा की इसको लेकर कई बार पेयजल स्वच्छता विभाग एवं वरीय पदाधिकारियों के बीच पत्राचार किया गया. लेकिन आज तक इस पर कोई अग्रतर कार्रवाई नही हो सका है. एक ओर जहाँ गर्मी के पारा से नदी-नाले, डोभे, कुँए सुख रहे है वहीं यह जलमीनार एक वरदान साबित होता. बताते चले कि शहर की अधिकांश आबादी पतालसुर स्थित जल झरना वरदान साबित हो रही है. सुबह से ही लोगों की पानी लेने के लिए भीड़ जमा रहती है. जनप्रतिनिधि व अधिकारी यदि इस पर ध्यान दे तो पानी की समस्या को बहुत हद तक दूर किया जा सकता था।

कैटेगरी वन मजदूरों ने डोजर-डंपर चलवा रहा प्रबंधनः राघवन रघुनंदन

भुरकुंडा। कोलफील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राघवन रघुनंदन ने कहा कि सीसीएल की कई परियोजनाओं में प्रबंधन कैटेगरी वन मजदूरों से डंपर, डोजर और शॉवेल मशीन चलवा रहा है, जो सरासर गलत है। प्रबंधन ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि एक रणनीति के तहत सीसीएल ने कई कैडर्स को रद्द कर दिया है। राघवन रघुनंदन ने उक्त बातें रविवार को भुरकुंडा पटेलनगर स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में कही। वे यहां यूनियन की समीक्षा के लिए आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैटेगरी वन मजदूरों से डंपर, डोजर और शॉवेल चलवाने का मामला गंभीर है। वे इस मामले को टेक्निकल सब कमेटी की बैठक में पुरजोर तरीके से उठाएंगे। आगे राघवन रघुनंदन और यूनियन के सहायक मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने कोयला मजदूरों की समस्याएं सुनने के बाद समाधान का आश्वासन दिया।

न्यूज बॉक्स

मुक्तिधाम गांधी घाट पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण कल

रामगढ़। मुक्तिधाम गांधी घाट पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार फाऊंडरी कास्टिंग लिमिटेड के मालिक डॉक्टर हरीकृष्ण बुधिया होंगे। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में महाकाल शिव योगी की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। प्रतिमा के अनावरण के मौके पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक कमल बगड़िया ने 22 अप्रैल को दी।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित गंगटियाही मोड़ (झुरझुरी पंचायत) के समीप बाईक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह बगोदर की ओर जा रही बाईक संख्या डब्लूबी 40एएक्स 8065 ने खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त रणविजय शाह 45 वर्ष, पिता उमाशंकर शाह ओरंगाबाद निवासी के रुप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

धार्मिक अनुष्ठान में नशापान के परित्याग का संकल्प दिलाएं पुजारी : डॉ आरसी मेहता

हजारीबाग। झारखंड में दिन प्रतिदिन नशापान की परंपरा नौजवानों में बढ़ती जा रही है। ज्यादातर स्कूल कालेजों के बच्चों इसकी चपेट में आने लगे हैं। पुलिस प्रशासन भी इसके लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं कर रही है। यदि समय रहते नहीं चेता गया तो नशापान कोरोना से भी ज्यादा गंभीर महामारी का रूप ले लेगा। नाबालिक ड्रग एडिक्ट हो रहे हैं। एडिक्ट रोगी नशा शुरू करने के बाद औसतन 3 से 5 वर्ष में मौत के मुंह में जा रहे है। मद्यपान करने वाले व्यक्ति अनेकों बीमारी से ग्रसित हो जाते है। आज यज्ञों का अनुष्ठान गांव शहरों में हो रहा है। पुरोहितों से निवेदन है कि नशेड़ियों को यज्ञ में ड्रग्स छोड़ने का संकल्प दिलावें। भगवान के भय से लोग नशा का त्याग करेंगे। दुनिया धार्मिक कानून सामाजिक कानून एवं संवैधानिक कानून से चल रहा है। कोई बुरा कार्य करने से पहले मानव सोचता है कि भगवान देख रहा है। उक्त बातें प्रमंडलीय कांग्रेस स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने खैर कर्मा के यज्ञ मंडप में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि प्रायः देखने को मिलता है कि हर यज्ञ में जनता स्वयं संकल्प लेकर अनेकों कुरीतियों को त्याग करती है। अनुष्ठान में मुख्य पुजारी संजय पांडे विशिष्ट अतिथि विधि प्रकोष्ठ के कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय दास, मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष जलेश्वर यादव, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रो बृजकिशोर मेहता,लखन पासवान, किशोरी राणा, सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

कृषि उत्पादन बाजार समिति मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के रूप में चिह्नित

हजारीबाग। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त 14 हजारीबाग के संसदीय क्षेत्र 21 बरही,22 बड़कागांव,23 रामगढ़, 24 मांडू एवं 25 हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति,हजारीबाग को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के रुप में चिन्हित किया गया है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गईं है।

डेंटल कॉलेज व मिशन हॉस्पिटल ने संयुक्त रूप से किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हजारीबाग। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू प्रखंड के राधा नगर स्थित मोती कृष्णा स्कूल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डेंटल कॉलेज द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क दांत का जांच एवं मिशन होस्पिटल द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य का जांच हुआ। जिसमें कुल 55 जरूरतमंदों का मुफ्त जांच हुई। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों का उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। वहीं मिशन होस्पिटल द्वारा निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं।

झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हजारीबाग। झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने सोमवार को नगर क्षेत्र के वार्डों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने मटवारी, कोर्रा आदि मोहल्ले में जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय पार्टियों के छलावे में आकर हजारीबाग की जनता ठगी का शिकार हो रहे हैं। हमारे युवा डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं मगर रोजगार का कहीं पता नहीं जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या चरम सीमा पर है। जिस कारण लोग पलायन करने को मजबूर हैं। विकास की योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं देती जिसके कारण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास कोसों दूर है। इस चुनाव में हमारी प्राथमिकता युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देना है ताकि पलायन की समस्या का जड़ से निदान होगा। स्थानीय तौर पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर उपस्थित जन समूह ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार स्थानीय उम्मीदवार को ही जीत दिलाएंगे और झारखंड पार्टी के स्थानीय मुद्दों पर और जल जंगल जमीन जैसे मुद्दों पर मोहर लगाने का काम करेंगे।

प्रदूषण से परेशान डभातु के लोगों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण को किया बाधित

नवीन मेल संवाददाता। गोला
भारत माला परियोजना के तहत ओरमांझी से गोला होते हुए बोकारो तक निमार्णाधीन एक्सप्रेस वे सड़क पर उड़ रहे धूल से परेशान डभातु के ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए निर्माण कार्य को बाधित कर दिया। इसके बाद सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रतिदिन निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाएगा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए। गोला मुरी मुख्य मार्ग पर डभातु के पास ओवरब्रिज बनाकर एक्सप्रेस वे सड़क को गुजारा जा रहा है। जिसमें भारी मात्रा में फैक्ट्रियों से निकलने वाले डस्ट को डाल कर सड़क को उंचा किया जा रहा है। सड़क पर गिराया जा रहा डस्ट हवा आंधी में उड़ कर पूरे क्षेत्र को प्रदूषित कर रहा है। यह डस्ट लोगों के घरों के अलावे खेत में लगे फसलों में मोटी परत बन जा रहा है। डस्ट से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तेज हवा व भारी वाहन चलता है तो डस्ट से वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो जाता है और पूरे क्षेत्र में धुंध छा जाता है। इससे किसानों के खेतों में लगे फसल भी बर्बाद हो रहे हैं।

उपायुक्त एवं एसपी ने विभिन्न स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

डीसी ने कहा, मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने, मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा निर्वाचन के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए जाने वाले इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉक्टर बिमल कुमार के साथ रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर, गोला सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों, विभिन्न विद्यालयों आदि का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया वहीं उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को केंद्र को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप के रूप में तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं उन्होंने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

शादी की शहनाइयों की गूंज पल भर में मातम में बदली

गांव से निकल रही बारात गाड़ी ने दर्जनों लोगों को कुचला, 3 वर्षीय बालक की मौत

◆कई लोगों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया

नवीन मेल संवाददाता। बरही
बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी गांव में रविवार की देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। शादी की शहनाइयों की मीठी धुन पल पर में चीखों और मातम में तब्दील हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, वह दूल्हा बनकर गाजे बाजे के साथ अपनी दुल्हन को लाने बारात लेकर निकलने की तैयारी में था, बारात का हिस्सा सैकड़ों लोग थे। साथ ही दर्जनों लोग बारात देखने सड़क पर खड़े थे। इसी बीच बारातियों की गाड़ी में से एक आल्टो वाहन संख्या डब्लू बी 02 एके 3155 अनियंत्रित हो गई और अपने चपेट में 3 वर्षीय बालक शानवी कुमार पिता शंकर रविदास, मधु देवी, मंजू देवी सहित 12 लोगों को अपने चपेट में ले दिया। आनन फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां चिकित्सको ने शानवी कुमार को मृत घोषित कर दिया। कई लोगों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और कई लोगों का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चल रहा है। बारात बरही से बरकट्ठा जाने वाली थी और यह घटना करीब साढ़े बारह बजे की है। घटना की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, दिनेश साव, मनोज रविदास सहित कई लोग अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और घायलों का बेहतर उपचार करवाने में सहयोग की।

जमशेदपुर के हिमांशु बने मैन ऑफ द मैच

जमशेदपुर ने कोडरमा को 8 विकेट से हराया

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच सोमवार को छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर बनाम कोडरमा के बीच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में कोडरमा ने 26.2 ओवर मे 85 रन बनाया और आउट हो गई। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज हिमांशु भारद्वाज ने 8 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट एवं श्रेष्ठ चौहान 5.2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी जमशेदपुर ने 14.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 91 बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। जमशेदपुर कि ओर से बल्लेबाज विघ्नेश कुमार ने 43 रन एवं शिवम कुमार 15 रन का योगदान दिया। कोडरमा की ओर से पीयूष कुमार एवम चिंटू कुमार को एक - एक विकेट प्राप्त हुआ। मैच के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी मरकश हेंब्रम थे।

डिग्री कॉलेज की इमारत बनी शोभा की वस्तु

सरकार व अधिकारी की उदासीनता के कारण पढ़ाई अब तक नहीं हुई शुरू



पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने पिछले वर्ष कॉलेज संचालन को लेकर सैकड़ों लोगों के साथ मिलकर किया था आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड के सूर्यकुंड (नावाडीह) के समीप नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है। कॉलेज सज धज कर तैयार है ।लेकिन शिक्षण कार्य प्रारंभ होने का शुभ मुहूर्त कब निकलेगा किसी को पता नहीं । बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के अथक प्रयास से प्रखंड में शिक्षा की बेहतरी के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई गई। वहीं कॉलेज निर्माण में सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए । भवन निर्माण, बाउंड्री, साज सजा, रंग रोगन, फर्नीचर आदि व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई । लेकिन मुख्य कार्य शिक्षण प्रारंभ अब तक न होना चिंतनीय है । बरकट्ठा प्रखंड में शिक्षा के विकास में यह कॉलेज मील का पत्थर साबित होती,बशर्ते पठन-पाठन प्रारंभ हो जाए । वहीं क्षेत्र के गरीब एवं मेधावी विद्यार्थी स्नातक स्तर तक की शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। कुछ अभिभावक आर्थिक तंगी के बावजूद अपने बच्चों को स्नातक कराने हजारीबाग, कोडरमा, रांची या अन्यत्र भेजने को मजबूर हैं। हालांकि वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव इस कॉलेज में शिक्षण प्रारंभ करवाने के लिए विधानसभा से लेकर संबंधित आला अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर रहा। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा पिछले वर्ष कॉलेज संचालन को लेकर सैकड़ों लोगों के साथ आंदोलन किया गया, बावजूद इसके परिणाम शून्य रहा। स्पष्ट है कि कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ होने से स्थानीय समेत आसपास के छात्रों व स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलता पर कॉलेज में पढ़ाई किस सत्र से प्रारंभ होगी।

शक्तिपुंज एक्सप्रेस की एसी खराब होने से यात्री रहे परेशान

बरकाकाना। हावड़ा से जबलपुर तक चलनेवाली 11448 डाउन शक्तिपुंज एक्सप्रेस के एक एसी कोच में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। परेशान होकर कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने तत्काल रेलमदद पर ट्वीट कर समस्या उठाया। इसके बाद 17.50 बजे धनबाद जंक्शन गुजरने के बाद एसी बहाल किया गया। इसके बाद रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के अनुसार शक्तिपुंज एक्सप्रेस हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच इ-3 के एसी में तकनीकी खराबी के कारण एसी चालू नहीं हो सका। इससे यात्रियों को परेशानी होने लगी। गर्मी अत्यधिक थी और एसी ऑन होने के बावजूद काम नहीं कर रहा था। इसे लेकर टीटीई से शिकायत की गई। इसी कोच की बर्थ नंबर 2 में दीपायन मुखर्जी और उनकी पत्नी आलो गांगुली बर्थ नंबर 8 में सफर कर रहे थे। परेशानी को देखते हुए रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई।

मवेशी तस्करी की रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई का असर बरकट्ठा में दिखा

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
बगोदर पुलिस की मवेशी तस्करी रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई का असर बरकट्ठा में देखा गया। बगोदर पुलिस की कार्रवाई के बाद बरकट्ठा क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक मवेशी लदे पिकअप गाड़ी खड़ी है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मवेशी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी हो की गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर बगोदर थाना प्रभारी सुखसागर सिंह चौधरी ने कार्यवाई किया है। पुलिस ने रविवार 21 अप्रैल की रात को हजारीबाग गिरिडीह सीमा क्षेत्र से अवैध मवेशी लदे चार पिकअप वैन को जप्त किया जिस पर 22 दुधारू मवेशी को कत्लगाह के लिए पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहा था। कार्यवाई की भनक लगते ही बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक पिकअप गाड़ी पर लदे मवेशी को विभिन्न लाइन होटल एवं जंगलों में उतार कर सुरक्षित रखा गया है। बताते चले कि हजारीबाग जिला के चौपारण, बरही, बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में जीटी रोड़ से होते हुए बंगाल के कत्लखाने में गो तस्करी नित दिन व्यापक पैमाने पर हो रही हैं। तस्करी में जुटे धंधेबाज बड़े वाहन का उपयोग न कर लगातार छोटे पिकअप गाड़ी से मवेशियों को ले जाने का काम कर रहे हैं। जिसकी जानकारी होने पर गिरिडीह पुलिस कप्तान ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अब देखना है कि हजारीबाग पुलिस कप्तान इस पर कब संज्ञान लेंगे। सवाल यह उठता है कि हजारीबाग जिला के चार थाना क्षेत्र से प्रतिदिन पिकअप में अवैध मवेशी लदे वाहनों के गुजरने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होना कई सवाल पैदा करता है।

एक नजर

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

सिमडेगा। आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन बटवारा पर रोक लगाने, जमीन विवाद एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

विद्यालय में बारातियों के ठहराव से स्कूल प्रशासन परेशान

बरही। शादी व्याह के मौसम आते ही प्रखंड के कई स्थानों पर विद्यालयों में बारातियों की ठहराए जाने से विद्यालय प्रशासन परेशान है. ऐसी ही एक घटना राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौरिया करमा की सामने आई है. जहां बीते रात बारातियों को ठहराया गया था. रात भर बाराती विद्यालय में ही रुके थे जो सुबह विदा हुए. इस दौरान बारातियों को विद्यालय में ही स्वागत किया गया. कुछ बारातियों ने खाना नाश्ता के साथ शराब का भी सेवन किया और खाली डब्बे व शराब की बोतलें विद्यालय में ही छोड़ कर चले गए. जिससे सोमवार की सुबह विद्यालय खुलने पर विद्यालय प्रबंधन को कठिनाइयों का सामना झेलना पड़ा और अनावश्यक साफ सफाई में विद्यालय का समय बर्बाद हुआ. इसकी शिकायत विद्यालय प्रधान ने स्थानीय मुखिया से करते हुए विद्यालय परिसर में बरात नहीं ठहरने की मांग किया है. मुखिया ने मामले को गंभीरता से लिखते हुए मामले पर उचित कारवाई का आश्वासन दिया है.

धरती को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगाः तुलसी

कोडरमा । कोडरमा प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत के झरीटांड गांव में संस्था हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एपीएम तुलसी कुमार साव ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्लास्टिक पूरे धरती को प्रदूषित कर रहा है, इसके दुष्परिणामों से बचने हमें पूरी तरह से प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। तोप्ती सेन ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाकर हम पृथ्वी का श्रृंगार कर सकते हैं। कार्यक्रम में पूजा, गंगा, लक्ष्मी, स्वयं सहायता समूह की कई महिलाओं ने मानव श्रृंख्ला बनाकर अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ ली।

उपायुक्त ने जिला निगरानी समिति की बैठक का किया आयोजन, कहा

चुनाव में दिव्यांग जन को मुहैया कराई जाएगी विशेष सुविधा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत सुगम्य चुनाव पर जिला निगरानी समिति से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि इस बार दिव्यांग जनों एवं बुजुर्गों के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष व्यवस्था किया गया है। दिव्यांग जनों के लिए विशेष लाईन के साथ - साथ आने जाने की सारी सुविधाएं है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधा की जरूरत है। बहुत से ऐसे गांव है जहां दिव्यांग जन घर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। वैसे दिव्यांग जनों को सुविधा मुहैया कराया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने समिति से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि उनके लिए प्रशासन कि व्यवस्था को बतलाये ताकि वह भी मतदान कर सकें। जिले के सभी प्रखण्डों में दिव्यांग, विधवा और वृद्धा मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किये जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त ने कहा कि जिस मतदान केंद्र में दिव्यांग मतदाता की संख्या अधिक है वहां पर वालंटियर्स के साथ व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चुनावी समर में एक भी मतदाता का मतदान छूट न पाये ताकि एक वोट का काफी महत्व होता है उससे जीत और हार का फैसला निर्भर करता है। जिला के हर प्रखंड में मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें वोट संबंधी बातों को बताना है और उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का प्रयास करना है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाना बहुत ही जरूरी है ताकि लोकतंत्र इससे मजबूती देखी जा सके। बैठक में आईटीडीए निर्देशक सरोज तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

◆जिले के सभी प्रखण्डों में दिव्यांग, विधवा और वृद्धा को मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है

परियोजना बालिका विद्यालय की एकता मैट्रिक में बनी प्रखंड टॉपर

बरही । झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित दसवीं की परीक्षा में परियोजना कन्या उच्च विद्यालय की एकता कुमारी ने प्रखंड टॉपर किया है. उक्त जानकारी प्रधानाध्यापक रविकांत ओम ने दी. उन्होंने बताया कि एकता एक मेधावी छात्र रही है. जो डूमरडीह निवासी अमरनाथ सिंह की पुत्री है. यह अचीवमेंट इसके समर्पित लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम है? विद्यालय अवधि के दौरान भी इस छात्रा का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है. उन्होंने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा में 93.4% अंक लाकर बरही प्रखंड में पहले स्थान पर रही है. इसे कुल 500 अंक में 467 अंक प्राप्त हुए हैं. उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय से कुल 293 छात्राएं मैट्रिक 2024 की परिक्षा में शामिल हुईं थी. जिसमे 133 प्रथम, 145 द्वितीय और 12 तृतीय श्रेणी से सफलता पाई है. वही 3 छात्राओं ने मार्जिनल अंक प्राप्त किया है. इसमें एकता कुमारी 93.4%, रिया कुमारी 82.8%, किरण कुमारी , 82.4% और ममता कुमारी 81.8% अंक लाकर विद्यालय के दस टॉपर में अपना स्थान ग्रहण किया है. वही एकता कुमारी 93.4% के साथ बरही प्रखंड में टॉप किया है.

कोर्रा थाना क्षेत्र के दिपुगढ़ा में 15 लाख के जेवरात की लूट

हजारीबाग। कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपूगढा स्थित सोनी अलंकर ज्वैलर्स के मालिक और उनके बेटे से बीते देर रात्रि 15 लाख रुपए के जेवरात और 50 हजार नगद से भरे बैग की छिनतई हो गई। भुक्त भोगी ने बताया कि रात्रि 9:30 बजे दुकान बंद कर वे दोनों बाप बेटे स्कूटी से अपने घर सोनी अलंकर ज्वैलर्स दीपूगढा से जा रहे थे । पीछे से आ रही एक अपाचे बाइक जिसमें तीन लोग सवार थे उन्होंने ओवरटेक कर उनका बैलेंस बिगाड़ दिया और सामने लाकर बाइक खड़ी कर दी।जिससे वे दोनों स्कूटी से गिर गए ।तत्काल उसमें से एक लड़के ने उनसे बैग छीना और फरार हो गए । उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से भी दी है लेकिन पुलिस ने अबतक कोई भी कार्रवाई नहीं की है उन्होंने यह बताया कि 2018 में भी हमारे दुकान में पिस्तौल दिखाकर लूट हो चुकी है लेकिन उस पर भी अभी तक कोई भी करवाई पुलिस के द्वारा नहीं की गई है ।हमारा उसमें भी करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ था।अब हम जेवर दुकान बंद कर सब्जी दुकान खोलने को मजबूर हो जाएंगे अगर ऐसी हालत रही तो । पुलिस भी हमारा साथ देने को तैयार नहीं है जिला प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द करवाई किया जाए और छिनतई करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए और आगे से किसी भी के साथ ऐसी घटना ना घटे इस पर भी पुलिस के द्वारा ध्यान दिया जाए साथ ही साथ पुलिस गलती भी शुरू की जाए ।

आदिवासी बालिका छात्रावास में लापरवाही को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

छात्राओं ने वार्डेन पर नामांकन में अतिरिक्त शुल्क लेने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सोमवार को आदिवासी बालिका छात्रावास सिमडेगा की छात्राओं ने आदिवासी छात्र संघ के साथ उपायुक्त सिमडेगा तथा जिला कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा को छात्रावास में हो रही परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आदिवासी बालिका छात्रावास की वार्डेन सोनी सूचिता मिंज द्वारा एडमिशन फीस के अलावा अतिरिक्त शुल्क 2000 और रखरखाव के लिए 50 प्रतिमाह सभी छात्राओं से लेने तथा केवल 1000/- का रसीद देने संबंधी शिकायत की है। ज्ञापन में छात्रावास में पेयजल तथा साफ -सफाई के लिए पानी की समस्या एवं मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी का भी मामला बताया गया है, छात्रावास में गार्ड की भी सुविधा नहीं है। छात्राओं ने वर्तमान वार्डेन द्वारा बरती जा रही लापरवाही के लिए वार्डेन को बदलने की मांग की है ताकि छात्रावास में आने वाली आदिवासी छात्राओं को सुविधा एवं उचित देखरेख मिल सके। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष- रोशन डुंगडुंग,उपाध्यक्ष - अमन नियेल सोरेंग, सचिव - इग्न्यासुस बा, संयुक्त सचिव - एरेन समद और छात्रावास की कई छात्राएं उपस्थित रही।

उलगुलान रैली की सफलता को लेकर झामुमो सिमडेगा ने जताया आभार

◆उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए जिला समिति की ओर से सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली की सफलता पर झामुमो सिमडेगा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला समिति ने जिला के सभी केंद्रीय समिति सदस्य, जिला के सभी जिला समिति के पदाधिकारी, जिला के सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी नगर समिति के पदाधिकारी सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पदाधिकारी सभी पंचायत के अध्यक्ष,सचिव एवं पदाधिकारी, जिला के जिला 20 सूत्री सदस्य, जिला के सभी प्रखंड 20 सूत्री सदस्य, जिला के सभी सक्रिय सदस्य, जिला के सभी प्रकार के नेता एवं कार्यकर्त्ता ने दिन रात एक कर उलगुलान न्याय महारैली कार्यक्रम को सफल बनाएं इस सफलता के लिए जिला समिति की ओर से सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा सभी साथी ऐसा ही एकजुता का परिचय देते रहेगें। कहा कि सिमडेगा विधान सभा हो या कोलेबीरा विधानसभा दोनों विधान सभा से हम लोग विधायक बना कर झामुमो सुप्रीमो बाबा बीर शिबू सोरेन को विधायक देने का काम करेंगे।आभार व्यक्त करने में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना,जिला सचिव सफीक अंसारी इत्यादि रहे।

कोषांग के सुचारू संचालन के लिए बैठक का हुआ आयोजन

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए पांच स्क्रीन लगाया गया है

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर गठित एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग के सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने एमसीएमसी कोषांग अंतर्गत संचालित कार्यों के बारे अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए पांच स्क्रीन लगाया गया है जिसमें दो शिफ्ट में निगरानी रखने हेतु कर्मी की प्रतिनियुक्ति किया गया है।इसके अलावा पेड न्यूज की पहचान हेतु न्यूज पेपर, ई पेपर एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बतलाया कि जिले की एक्टिविटी का सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए कर्मी की प्रतिनियुक्ति कर एक्टिव मोड में कार्य किया जा रहा है। आयोग द्वारा प्राप्त 29 मीडिया प्राधिकार पत्र में 23 प्राधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है शेष 6 लोगों के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण उनके आते ही उपलब्ध करा दी जायेगी।

भक्त भगवान से होते हैं अधिक शक्तिशाली

श्री श्री रवि शंकर

हनुमान जी का जीवन इसी बात का प्रतीक है कि भक्त भगवान से अधिक शक्तिशाली होते हैं। हनुमान जी श्री राम से अधिक शक्तिशाली थे, तभी तो वे राम जी के वनवास के समय उनकी मदद कर पाए । यदि आपके सहायक आपसे मजबूत न हों, तो आपका सूटकेस कैसे उठा पाएंगे और आपके साथ वाले आपसे कमजोर हैं, तो क्या आपका मन भी करेगा कि अपना थैला उनके हाथ में पकड़ाएं? आपका सूटकेस उठाने के लिए आपका आदमी भी तो मजबूत होना चाहिए न? ऐसे ही राम का काम करने वालों को राम से तो बलवान होना ही चाहिए। इसलिए कभी-कभी चेले गुरु से ज्यादा मजबूत होते हैं। और, गुरु उन्हें मजबूती भी देते हैं, ताकी वे उनका काम कर पाएं। हनुमान जी यह बात जानते थे कि 'मेरा बल मुझसे नहीं राम जी से आया है। राम जी ने मुझे इतना बल इसलिए दिया है, ताकि मै उनका काम कर पाऊं।' यही सहजता और सरलता ही हनुमान जी की खूबी है। तो, एक बार श्री राम ने खुद हनुमान जी से पूछा कि तुम तो हमसे मजबूत हो हनुमान, हनुमान बन कर रहना कैसा लगता है? तब हनुमान जी बोले 'जब मैं देहबुद्धि वाला होता हूं, तब मै आपका दास हूं, जब मुझमें जीव बुद्धि आ जाती है, तब मैं आपका एक अंश, एक टुकड़ा हूं, मगर जब मैं आत्मबुद्धि में होता हूं, तब मेरी और आपकी आत्मा एक है। मै आपसे अलग नहीं हूं, आप मुझसे अलग नहीं हैं। हम दो हैं ही नहीं।' यह प्रेम का लफ्ज है। जैसे मां बच्चे के साथ प्रेम करती है कि यदि कोई बच्चे को थोड़ा सा डांट भी दे तो मां रोने लगती है। क्योंकि, उसको यह लगता है कि बच्चा मेरा अपना लगता है। ऐसे ही बच्चे को भी लगता है। अगर इस ब्रह्मांड में कुछ भी ऐसा ह, जिसे परिभाषित करना असंभव है, तो वह प्रेम है। यदि आप इसका वर्णन कर सकते हैं, तो इसका मतलब है कि आपने इसे नहीं जाना है। आप प्रेम को परिभाषित कर ही नहीं सकते। आप प्रेम में फूल देते हैं, गले मिलते हैं, उपहार देते हैं। लेकिन, फिर भी कुछ ऐसा रह जाता है, जिसे अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। हम प्रेम की केवल एक झलक ही पा सकते हैं, इसे पूरी तरह से जान पाना संभव नहीं है। 'हनुमान' का अर्थ है आपकी सांसें। 'राम' आपकी आत्मा हैं, 'सीता' मन का प्रतीक हैं, 'लक्ष्मण' सजगता का प्रतीक हैं और 'रावण' नकारात्मकता और अहंकार का प्रतीक है। जब रावण ने सीता का हरण कर लिया, तब हनुमान जी की ही सहायता से भगवान राम और लक्ष्मण ने माता सीता को रावण से मुक्त कराया।

पृथ्वी दिवस पर सभी पृथ्वी की रक्षा का लें संकल्प : डॉ सुनील कश्यप

बरही। पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है जिसमें जल हरियाली वन्य प्राणी प्रदूषण और जुड़े हुए कर के भी हैं धरती को बचाने का आशय है इसकी रक्षा के लिए पहल करना है। यह बात सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक सह रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही । उन्होंने कहा कि ना ही पृथ्वी कि रक्षा कि पहल हुई ना ही इसको लेकर कभी सामाजिक जागरूकता दिखाई गई। कहा कि इसको लेकर राजनीतिक स्तर पर कभी कोई ठोस पहल की गई। लेकिन बाद में पृथ्वी के रक्षा कि मांग को व्यापक समर्थन मिला जिसके बाद 1970 ई से 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा। पृथ्वी को बचने के इस अभियान को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन हासिल है। इसका वैज्ञानिक तथा पर्यावरण संबंधी महत्व भी है। इसे उत्तरी गोलार्ध में वसंत तथा दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

इंडी गठबंधन की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

लोकसभा चुनाव में देश से भाजपा का सफाया करने को तैयार है कांग्रेस कार्यकर्ता : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा पाकरटांड़ प्रखंड के बाजारटांड़ में सोमवार को कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दिल्ली से लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण देने आए रघुवंश जी ने कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनाव को लेकर कई प्रशिक्षण दिए। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश से भाजपा का सफाया करने के लिए कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। जनता भी वोटिंग का इंतजार कर रही है। इस चुनाव में भाजपा की छुट्टी होना तय है। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र का दौरा तेज करें। अब समय बहुत कम है। अपने अपने क्षेत्र के हर कार्यकर्ता से संपर्क करें। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों की जानकारी दें। साथ ही खुंटी लोकसभा प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से जीत दिलाते हुए देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम ही कांग्रेस हर चुनाव जीतती आई है।

न्यूज बॉक्स

मतदाता जागरूकता चौपाल का हुआ आयोजन

सिमडेगा। जेएसएलपीएस टीम द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के मतदान केंद्रों में मतदाता प्रतिशत वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। जहां सभी को मतदान प्रक्रिया के बारे में समझाते हुए आगामी 13 मई 2024 को बुजुर्ग हो, युवा हो या दिव्यांग सभी को मतदान करने का अपील किया गया। इस दौरान बुजुर्ग 85 और दिव्यांग मतदाताओं के लिए दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया।

महिला कॉलेज सिमडेगा में पीठासीन पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

सिमडेगा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन पदाधिकारी ढ-3 को महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को चुनाव से जुड़े सभी पहलुओं का बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से कहा कि टीम भावना से काम करते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के मापदंडों एवं गाइडलाइन के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराएं।

बोलबा शंख नदी के पास पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

बोलबा। आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सोमवार को बोलबा पुलिस ने बोलबा शंख नदी के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर बताया गया कि अपराध नियंत्रण, लोकसभा आम चुनाव, दुर्घटना नियंत्रण आदि को लेकर बोलबा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग किया जा रहा है । इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहन की जांच एवं तलाशी ली गई।ड्राइवर के ड्राविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीटबेल्ट, गाड़ी के रजिस्ट्रेशन एवं इन्सुरेंस पेपर आदि की जांच की गई । इस मौके पर सुनील टोपनो एवं पुलिस बल मौजूद थे।

स्ट्रांग रूम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

सिमडेगा। लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारीयों के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को मोर्चा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, मतदान सामग्री वितरण, सहित मतदान दलों को मतदान सामग्री देने, उनके आगमन, प्रस्थान, वाहन एवं रूट चार्ट आदि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिये।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज अहमद, पंचायत राज पदाधिकारी, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सहित कोषांग के कर्मी गण उपस्थित थे।

टुकुपानी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

ठेठईटांगर। सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर ठेठईटांगर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज के अध्यक्षता में टुकुपानी पंचायत के राजस्व ग्राम धवाईपानी के बुथ संख्या 187 में जागरूकता अभियान किया गया।आभियान में उनके द्वारा मतदान से सम्बंधित जानकारी दिया गया ।जिसमें बताया गया कि 13 मई 2024 को सभी मतदाताओं को अपने बूथ में जाकर सुबह 7 बजे से लेकर शाम 05 बजे तक मतदान करना है साथ ही साथ गांव के नागरिकों को मतदान से सम्बंधित शपथ भी दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी लोगों को बढ़चढ़ कर मतदान करना है साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक भी करना है। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम इंचार्ज संतोष कुमार वर्मा, एफटीसी मरियाना गुड़िया, सीता भगत, सीसी कृष्णा कुमार भोय, रोशनी एक्का, बीएपी लालमुनी देवी एवं पंकज दास उपस्थित थे।

बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में देशी महुवा शराब के विरुद्ध पुलिस ने की छापेमारी

बोलबा। सोमवार को बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में देशी महुवा शराब के विरुद्ध बोलबा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। इस मौके पर बताया गया कि बोलबा बाजार, मुखिया टोली, झोयला टोली, मुण्डा टोली, पोस्टमास्टर टोली आदि स्थानों में बोलबा पुलिस द्वारा छापामारी किया गया । इस दौरान 15 किलो महुवा जावा नष्ट किया गया । पुलिस द्वारा बताया गया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ लगातार छापामारी किया जायेगा । इस मौके पर ए0एस0आई0 सुनील टोपनो सहित पुलिस जवान मौजूद थे ।

एक नजर

साकची में छिनतई गैंग ने लगातार दूसरे दिन भी युवती से छीना पर्स

जमशेदपुर। जमशेदपुर के साकची में इन दिनों बाइक से छिनतई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों का आतंक है। यह गैंग पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है। रविवार को ही बाइक सवार दो बदमाशों ने साकची के रामलीला मैदान के पास एक युवती से पर्स की छिनतई की थी। इस बार फिर बाइक सवार दो युवकों ने साकची एएसजी हाई स्कूल के पास बारीडीह निवासी शिखा जयसवाल से पर्स की छिनतई की। बदमाशों ने पहले शिखा की स्कूटी में बाइक से धक्का मारकर पहले उसे सड़क पर गिरा दिया और फिर पर्स छीनकर फरार हो गए. इधर, घटना के बाद इसकी सूचना साकची पुलिस को दी गई।

पाथरडीह में रेलवे ट्रैक से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

धनबाद। पाथरडीह थाना क्षेत्र की भाटडीह बस्ती के समीप सोमवार को रेलवे ट्रैक से एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। युवक की पहचान छह नंबर धौड़ा बस्ती निवासी जीतन मोदी के रूप में की गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पाथरडीह थाना प्रभारी पवनचंद्र पाठक व एसआई आरके पांडेय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया। पुलिस मामले की तहकीकता में जुट गई है। बताया गया कि युवक जीतन मोदी अपनी छोटी बहन नैना के साथ बस्ती में रहता था। वह मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था। उसके पिता सोसोधर मोदी की 25 वर्ष पहले मौत हो गई थी।

पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में मिला शव, हत्या की आशंका

बोकारो। बोकारो के सेक्टर 5 स्थित पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ियों में सोमवार को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर सेक्टर 4 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी आरएन राणा ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि व्यक्ति की हत्या कुछ दिन पहले की गई है और साक्ष्य छुपाने के लिए झाड़ियों में छुपा दिया गया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

मानगो में मोबाइल छीनकर भाग रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ा

जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास सोमवार शाम स्थानीय लोगों ने मोबाइल छीनकर भाग रहे एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति पैदल जा रहा था तभी रास्ते में एक युवक उसका मोबाइल छीनकर भागने लगा। हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पहले तो युवक की पिटाई की गई और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानगो में अनियंत्रित 407 वाहन ने ठेले वाले को मारी टक्कर

जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो स्थित जवाहरनगर रोड नंबर 9 के पास एक तेज रफ्तार 407 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ठेले वाले से जा टकराई। इस घटना में नाश्ते का ठेला छतिग्रस्त हो गया। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों को भीड़ जुट गई। भीड़ ने 407 वाहन के चालक हरजीत सिंह को पकड़ लिया। घटना में ठेला संचालक को 20 से 25 हजार का नुकसान हुआ। सूचना पाकर 407 वाहन के मालिक मौके पर पहुंचे और मुआवजे के तौर पर ठेला संचालक को 20 हजार रुपये दिए जिसके बाद मामला शांत हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार 407 वाहग मानगो से होकर पारडीह की ओर जा रहा था।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप एक्टिविटी के तहत जन जागरूकता अभियान चला

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि आमजनों को मतदान के महत्व की जानकारी तथा सभी को जागरूक व प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वीप कोषांग द्वारा नोडल पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग) सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली डैम में मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन की तिथि, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान खंडोली में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, डीसीपीयू काउन्सलर, हेल्प डेस्क मैनेजर दिवाकर पाठक समेत स्वीप कोषांग की टीम व प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें और अपना फर्ज निभाएं, एक वोट से हार होती है और एक वोट से जीत। यह संदेश सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा आयोजित बेंगाबाद प्रखंड स्थित खंडोली डैम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिया गया।

इस दौरान नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी लोगों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की, वहीं चुनाव में कैसे उम्मीदवार का चयन करना है, चुनाव कैसे होता है, मतदान की तिथि समेत अन्य जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां के युवा जागरूक मतदाता होने का फर्ज अदा करते हैं, उन्होंने कहा कि हमारे देश का प्रजातंत्र तभी मजबूत होगा जब मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ेगी।

स्कार्पियो ने बाईक सवार को मारी टक्कर, बड़ी दुर्घटना टली

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
तिसरी थाना क्षेत्र के थम्भाचक में सोमवार को बाराती से लौटने के क्रम में एक स्कार्पियो ने बाईक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चालक बाईक सहित कई फीट दूर जा गिरा वहीं टक्कर मारने वाली स्कार्पियो भी सड़क किनारे स्थिति झाड़ियों में जा पलटी।

इस दुर्घटना में बाईक सवार सतगांवा निवासी बिपिन कुमार सिंह मामूली रूप से घायल हो गए जबकि स्कार्पियो में सवार लोग बाल - बाल बच गए।

दुर्घटना के बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया। बताया जाता है कि उक्त बाईक सवार मिजार्गंज से अपने घर सतगांवा वापस जा रहा था। वहीं उक्त स्कार्पियो में 5-6 लोग बाराती के लिए देवरी के खटोरी गए थे। वापसी के क्रम में ही थम्भाचक में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर आगे चल रहे बाईक को टक्कर मार दी।

भाकपा माले की बैठक में विनोद सिंह को जीत दिलाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गावां प्रखंड अंतर्गत जमडार पंचायत में भाकपा माले की एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता शमशाद असांरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव उपस्थित थे। बैठक में भाजपा हाटाओ देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, अन्नपूर्णा हटाओ कोडरमा बचाओ नारे के साथ इंडिया गठबंधन के समर्पित प्रत्याशी विनोद सिंह को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने और सहयोग करने की अपील की गई। उपस्थित सभी लोगों ने योगदान के लिए संकल्प लिया और कोडरमा में भाजपा को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प लिया। मौके पर मो मुस्तफा, सुरेन्द्र राय, छोटू मरांडी, राजू हेंमब्रम, मो सदीक, बबलु कुमार, जीबोन बास्के, मनोज राय, आशिक सोरेन, अमीर सोरेन, अरुण सोरेन, बबलू हेंमब्रम, तालेश्वर विश्वक्रर्मा, विकास सिंह, भोला मुर्मू, कांती कुमारी, बिसनी देवी, झुमरी देवी, मुन्नी देवी, पारो देवी, सिलवा देवी व संजय कुमार समेत कई उपस्थित थे।

तेतुलमारी में स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा बाल-बाल बचे विद्यार्थी

धनबाद । उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरीकला में सोमवार को कक्षा दो की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया। इस घटना में कक्षा में पढ़ रहे बच्चे बाल बाल बच गए। कुछ समय के लिए कमरे में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रचार्य सबिता कुमारी ने बताया कि भवन की मरम्मत को लेकर कई बार विभाग को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भवन कई साल पुराना है, जिससे छत व दीवारें जर्जर हो गई हैं। हमेशा अनहोनी का अंदेशा बना रहता है। बच्चों की पढ़ाई का नुकसान नहीं हो, जिसके लिए पुराने भवन की एक कक्षा को साफ-सफाई कर उसी में कक्षा को शिफ्ट कर दिया गया है।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रशासन कृत संकल्पित

नवीन मेल संवाददाता। टुंडी
टुंडी प्रखंड में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से होगा। साथ ही मतदान के प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। उक्त बातें टुंडी बीडीओ सह सीओ शैलेंद्र चौरसिया ने खास मुलाकात में कही। शैलेंद्र चौरसिया ने बताया कि टुंडी प्रखंड के 17 पंचायत है।

हर दिन वो अहले सुबह गांव-गांव घुमकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। प्रशासन भी शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जागरुकता अभियान चला रही है। बीडीओ ने बताया कि टुंडी प्रखंड में 89 बूथ बनाये गये हैं। इसमें से 34 बूथों को नक्सल प्रभावित चिह्नित किया गया है। जबकि नक्सल प्रभावित एएसडी बूथों की संख्या 6, राजनीतिक पार्टी की बूथों की संख्या 1, एएसडी बूथों की संख्या 8 है।

टुंडी के नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्रा प्राथमिक विद्यालय उतरी भाग, सर्रा प्राथमिक विद्यालय दक्षिण भाग, डंडाटांड उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नवाटांड मध्य विद्यालय, जांताखूंटी उमवि पूरब भाग, जांताखूंटी मध्य विद्यालय पश्चिम भाग, भुसकी प्राथमिक विद्यालय उर्दू, चरकखूर्द प्राथमिक विद्यालय, मछियारा मध्य विद्यालय, झिनाकी उमवि, विशनपुर उमवि उत्तर भाग, विशनपुर उमवि पश्चिम भाग, झिनाकी पंचायत भवन, भेलवई नया प्राथमिक विद्यालय, बांधडीह उमवि, मनियाडीह मवि पुरब भाग, मनियाडीह मवि पश्चिम भाग, शीतलपुर प्राथमिक विद्यालय, पलमा मवि, जीतपुर उमवि, पारसबनी नया प्राथमिक विद्यालय, नवादा उमवि, कारीटांड प्राथमिक विद्यालय, ठेठाटांड उमवि, कोलाहीर उमवि, लुकैया उमवि, दोमुण्डा उमवि, बेगनोरिया उमवि, चुनुकडीहा उमवि, कमार्टांड उर्दू उमवि, राजाभीठा प्राथमिक विद्यालय उत्तर भाग और कपासटांड नया प्राथमिक विद्यालय को बूथ बनाया गया है।

2025 तक टीबी मुक्त का संकल्प, मरीजों को तीन महीने से दवा नहीं

धनबाद। 2025 तक धनबाद ही नहीं बल्कि पूरे भारत को टीबी से मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। टीबी की बीमारी इतनी खतरनाक है कि एक से दो सप्ताह तक मरीज को जरूरी दवाईयां नहीं मिली तो वह छह माह पीछे चला जाता है और गंभीर लक्षण दिखने लगते हैं। लगातार खांसी होना, बुखार आना, छाती में दर्द, वजन घटना, भूख में कमीं, बलगम के साथ फिर से खून निकलना, किसी किसी को खून की उल्टी होने लगता है। यही वजह है कि चिकित्सक भी मरीज को सलाह देते हैं कि दवाईयां छूटनी नहीं चाहिए। जबकि सरकारी व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले तीन महीने से डॉट्स प्लस सेंटर व टीबी सेंटर पर मरीजों को दवा नहीं मिल रही है। पुराना मरीज धनबाद में 3300 से आसपास हैं।

न्यूज बॉक्स

ईचागढ़ दौरे पर पहुंची इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय

चांडिल। रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ही रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उनके नाम की घोषणा उम्मीदवार के रूप में किया था। रांची सीट से उम्मीदवार घोषित होने के दूसरे दिन ही उन्होंने अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताया और समर्थन मांगा। लोगों से मिलने के दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं की समस्या, महिलाओं के साथ हो रही अन्याय, अत्यचार और कमर तोड़ मंहगाई जैसे मुद्दों पर अपनी बातों को रखा।

महिला समूह ने दो नाबालिग लड़कियों का बाल विवाह होने से रोका

किरीबुरु । किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, सचिव प्रतिमा सिंह, पारा लीगल रीना दास आदि महिलाओं ने बेहतर कार्य करते हुये दो गरीब नाबालिग बच्चियों का बाल विवाह होने से रूकवा दिया। दोनों बच्ची सहेली हैं और अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही थी। दोनों युवती की उम्र लगभग 12-12 वर्ष के करीब है। इस बाबत रीना दास ने बताया कि किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह को जानकारी मिली कि मेन मार्केट की दो नाबालिग लड़की बीते मंगला उषा पर्व के समय से अपने-अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही हैं। दोनों शादी करने वाली हैं.इसमें से एक लड़की के पिता की मौत हो चुकी है। उसकी मां दूसरी शादी कर अन्यत्र रहती है। यह लड़की अपनी गरीब व वृद्ध नानी घर रहती थी। यह पढ़ी-लिखी भी नहीं है। दूसरी लड़की के माता-पिता है एवं वह पांचवीं कक्षा तक पढ़ी है। वह इससे पहले भी कई बार घर से भाग चुकी है। इस कारण उसके माता-पिता भी परेशान रहते हैं। रीना दास ने बताया कि दोनों लड़की के प्रेमी के परिजन इन्हें स्वीकार कर अपने घर में रखे हुये थे। इसमें से दोनों लड़कियों को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। लेकिन माता-पिता को डर है कि वे कहीं फिर न भाग जायें। दोनों लड़कियों के बाबत महिला समूहों ने परिवार के साथ मिलकर यह निर्णय लिया कि जो अशिक्षित लड़की है, उसका नामांकन नोवामुंडी स्थित कैम्प स्कूल में कराया जायेगा।

जमशेदपुर में होटल संचालक गांजा के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर। कोवाली कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा दांव स्थित एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे सुकू महाकुड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुकू के पास से कुल 1.64 किलो गांजा बरामद किया है। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा गांव के एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और सुकू महाकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। सुकू के पास से पुलिस ने 1.64 किलो गांजा बरामद किया जिसकी बाजार में कीमत 50 हजार रुपये है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ में गांजा के तस्कर के बारे में पता चला है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अब तक ग्रामीण क्षेत्र से 40 लाख नकद और 10-12 लाख की शराब को जब्त किया गया है।

पीरटाड़ प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत पीरटांड़ प्रखंड के हरलाडीह मध्य विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पीरटाड़ प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पीरटाड़ प्रखंड के मध्य विद्यालय हरलाडीह में अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह के नेतृत्व में फ्यूचर वोटर्स के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सभी फ्यूचर वोटर्स को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चियों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई।

जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर मोहम्मद सहजाद परवेज,पीरटांड़ बीडीओ मनोज मरांडी, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार, हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार, खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कच्छप शहीत कई सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा।
(उत्पाद शाखा)
–:आदेश:–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रॉंची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23(पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक–18.03.2024, आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉंची के पत्र ज्ञापांक–651, दिनांक–01.04.2024 एवं ज्ञापांक–814 दिनांक–12.04.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में छत्तीसगढ़ राज्य अन्तर्गत निर्वाचन लोकसभा क्षेत्र रायगढ़, झारखण्ड राज्य अन्तर्गत खूँटी लोकसभा क्षेत्र, उड़ीसा राज्य अन्तर्गत सुन्दरगढ़ लोकसभा क्षेत्र, उड़ीसा विधानसभा चुनाव अन्तर्गत सुन्दरगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सभी विधानसभाओं का चुनाव, 2024 के अवसर पर सिमडेगा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं अजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, सिमडेगा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ग के आलोक में आदेश देता हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर निम्नांकित अवधि हेतु मतदान क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटा पूर्व एवं मतगणना की तिथि को सम्पूर्ण सिमडेगा जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया जाता है।

	मतदान की निर्धारित तिथि	शुष्क दिवस	मतदान का क्षेत्र	शुष्क दिवस (ड्राई डे) की अवधि
तृतीय चरण	07.05.2024	सम्पूर्ण सिमडेगा जिला	छत्तीसगढ़ राज्य अन्तर्गत रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र	दिनांक–05.05.2024 के 6:00 बजे अपराहन से दिनांक–07.05.2024 के अपराहन 6:00 बजे तक।
चतुर्थ चरण	13.05.2024	सम्पूर्ण सिमडेगा जिला	झारखण्ड राज्य अन्तर्गत खूँटी लोकसभा क्षेत्र	दिनांक–11.05.2024 के 05:00 बजे अपराहन से दिनांक–13.05.2024 के अपराहन 5:00 बजे तक।
पचवाँ चरण	20.05.2024	सम्पूर्ण सिमडेगा जिला	1. उड़ीसा राज्य अन्तर्गत सुन्दरगढ़ लोकसभा क्षेत्र 2. उड़ीसा विधानसभा चुनाव अन्तर्गत सुन्दरगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभाओं का चुनाव	दिनांक–18.05.2024 के 06:00 बजे अपराहन से दिनांक–20.05.2024 के अपराहन 6:00 बजे तक।
मतगणना	04.06.2024	सम्पूर्ण सिमडेगा जिला	–	सम्पूर्ण दिन (04.06.2024)

श्शुष्क दिवस की उक्त अवधि में सिमडेगा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,सिमडेगा।

PR 323972 Excise(24-25)D

आप तब तक यह नहीं समझ पाते कि आपके लिए कौन महत्वपूर्ण है, जब तक आप उन्हें वास्तव में खो नहीं देते: महात्मा गांधी

तपाती गर्मी और शाकाहार

प्रति वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। लेकिन पृथ्वी को बचाने और उसके भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सबसे आवश्यक जिन दो सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी की गई है, वे हैं प्रकाश संश्लेषण और शाकाहार। जबकि ये दोनों परस्पर जुड़े प्राकृतिक और सामाजिक समाधान जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने और भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह पर जीवन को अक्षुण्ण रखने के महत्वपूर्ण उपाय हैं। प्रकाश संश्लेषण सूर्य के प्रकाश को जीवन-ऊर्जा में रूपांतरित करने की नैसर्गिक घटना है और शाकाहार प्राकृतिक दोहन को नियंत्रित करने की मानव की मौलिक प्रकृति-प्रदत्त जीवन शैली। इन्हें प्रोत्साहित किए बिना हमारे जीवित ग्रह को बचा पाना संभव नहीं होगा। प्रकाश संश्लेषण पृथ्वी पर जीवन का आधार है, जिसके माध्यम से हरे पौधे, शैवाल और कुछ जीवाणु सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को ग्लूकोज में परिवर्तित कर ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं। यह नैसर्गिक क्रिया न केवल वनस्पति के साम्राज्य को बनाए रखती है, वरन हमारे सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करती है। ग्लूकोज पृथ्वी के समस्त जीव रूपों का प्राथमिक ऊर्जा स्रोत है। वास्तव में यह सौर ऊर्जा ही है, जो प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से जैव-रसायन ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है। इसी से हमारा ग्रह एक जिंदा ग्रह बना है। वर्तमान में हमारी पृथ्वी जलवायु परिवर्तन के ऐसे कुचक्र में फंसी है, जिससे अगर यह बाहर न निकली, तो इसका भविष्य ही खतरे में पड़ जाएगा। पृथ्वी को इस दुश्चक्र से मुक्त करने के लिए सबसे प्रभावशाली रणनीति है प्रकाश संश्लेषण की उच्चतम क्षमता तक अभिवृद्धि। जलवायु परिवर्तन की केंद्रीय संचालक है वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड। झारखंड में भी वनों की अंधाधुंध कटाई, औद्योगिकीकरण और जीवाश्म ईंधनों के दहन जैसी मानव गतिविधियों ने इस नाजुक संतुलन को बाधित कर दिया है, जिससे वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड में खतरनाक वृद्धि हुई है तथा ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन का संकट बढ़ा है। इससे निपटने के लिए हमें न केवल बचे हुए वनों और अन्य पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा करनी चाहिए, वरन वनीकरण और पुनर्वनीकरण प्रयासों को भी बढ़ावा देना चाहिए। हरित आवरण का विस्तार करके हम प्रकाश संश्लेषण के लिए पृथ्वी की प्राकृतिक क्षमता को बढ़ा सकते हैं, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को कम कर जलवायु परिवर्तन को नियंत्रण में रखा जा सकता है। इसके साथ-साथ शाकाहार को अपनाना पृथ्वी की जीवटता में और प्राण फूंकने की दिशा में एक व्यावहारिक कदम होगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पशुधन उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है, जो वैश्विक मानवजनित उत्सर्जन का लगभग 14.5 प्रतिशत है। पशुओं के सघन औद्योगिक पालन से न केवल भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैस मीथेन उत्पन्न होती है, बल्कि इसके लिए व्यापक भूमि, पानी और चारा की भी आवश्यकता होती है, जिससे वनों की कटाई और जैव विविधता के क्षरण को बढ़ावा मिलता है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में मांस उद्योग एक बड़ा स्रोत है। इसके विपरीत पौधों पर आधारित आहार में कार्बन पदचिह्न काफी कम होता है। शाकाहार खान-पान की एक शैली ही नहीं, एक संपूर्ण जीवन दर्शन है, जिसे अपनाकर हम प्रकाश संश्लेषण के निकटस्थ, अर्थात सूर्य की शक्ति के सबसे निकट, जीवन यापन कर प्रकृति के सिद्धांतों का अनुपालन कर सकते हैं। वैसे भी जीवन विकास के क्रम में अपनी आकृति-प्रकृति, एनाटॉमी, शारीरिक कार्यिकी, अपने स्वभाव और अपनी चेतना से मानव एक शाकाहारी प्राणी है। शाकाहार को अपनाकर हम पृथ्वी की पारिस्थितिकी सुरक्षा में योगदान दे सकते हैं। वैसे भी वनस्पति-आधारित आहार कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिनमें मोटापा और कई तरह के कैंसर के खतरों से बचाव सम्मिलित हैं। प्रकाश संश्लेषण और शाकाहार के बीच तालमेल पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए पौधों की शक्ति का उपयोग करने के उनके साझा लक्ष्य में स्पष्ट है। संपूर्ण मानवता द्वारा शाकाहार अपनाने और प्रकाश संश्लेषण को चरम तक ले जाने वाली प्राथमिकताओं का समर्थन कर हम प्रकृति के साथ अधिक सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा दे सकते हैं और एक हरित और स्वस्थ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

हनुमान जयंती पर विशेष

हनुमान, भगवान शिव के ग्यारहवें रूद्रावतार हैं

विजय केसरी

हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रादुर्भाव आज से अन्ठावन हजार एक सौ सोलह वर्ष पूर्व हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग के अंतिम चरण, चैत्र पूर्णिमा, मंगलवार की सुबह में हुआ था। यह हम समस्त झारखंडवासियों का सौभाग्य है कि हनुमान जी का जन्म इसी प्रांत के गुमला जिले के आंजन नाम के छोटे से गांव पहाड़ी गुफा में हुआ था। भक्त हनुमान जी के विषय में हमारे शास्त्रों में वर्णन है कि वे भगवान शिव जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं। भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही साधकों को हनुमान जी के संग भगवान राम और शिव की भी कृपा प्राप्त होती हैं। रामचरितमानस में वर्णन है कि भगवान राम जब माता सीता की खोज में जंगलों में भटक रहे थे, तभी उनका भक्त हनुमान से मिलन हुआ था। देखते ही देखते भक्त हनुमान राम के हृदय में बस गए थे और हनुमान के हृदय में राम बस गए थे। भगवान राम ने हनुमान जी को अपने छोटे भाइयों के समान ही दर्जा प्रदान किया था। जब राम लंका विजय कर अयोध्या लौटे थे, तब उनके साथ वानर सेना सहित काफी संख्या में लंका से अतिथि आ गए थे। वे सब काफी दिनों तक अयोध्या में रह गए थे। जब भगवान राम ने सबों को विदा किया था, तब विदाई लेकर एक-एक कर अतिथि जा रहे थे। राम ने हनुमान को भी विदाई देना चाहा तब हनुमान ने विदाई के स्वरूप में उनके ही चरणों में रहने का वरदान प्राप्त किया था। इसीलिए भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की तस्वीर में एक साथ,दास के रूप में हनुमान जी श्री राम के चरणों में बैठे दिखते हैं। भक्त हनुमान का जीवन राम की भक्ति में बीता। ऐसी मान्यता है कि भक्त हनुमान को अमरता का वरदान प्राप्त हुआ था। इसलिए आज भी वे इस धरा पर मौजूद है। वे राम की भक्ति में लीन है। आज हनुमान की पूजा पूरे विश्व भर में होती है। जहां भी हनुमान जी को मानने वाले भक्त निवास करते हैं। किसी न किसी रूप में प्रतिदिन हनुमान जी को याद कर ही लेते हैं। ऐसी लोक मान्यता है कि संकट के समय जो भी भक्त - साधक उन्हें याद करते हैं। उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो विपत्ति से लड़ने की ताकत मिल जाती है। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा के चालीस पदों में हनुमान जी का संपूर्ण जीवनी बखान किया है। हनुमान के भक्त हनुमान जी को कई नामों से पुकारते हैं। हनुमान अपने हर नाम में गहरे अर्थ के साथ बंधे हुए हैं। हनुमान, बजरंगबली, पवन पुत्र, मारुति नंदन, अंजनी पुत्र, केसरी नंदन, कपीश, शंकर सुवन आदि विविध हनुमान के ही नाम है। इनके हर नाम में गहरा अर्थ बता छुपा हुआ है। इसे इनके नामों के उच्चारण से ही समझा जा सकता है। पवन पुत्र अर्थात पवन के

पुत्र। अंजनी पुत्र अर्थात माता अंजनी के पुत्र। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में दर्ज किया है कि 'बल बुद्धि विद्या देऊ मोहि, हरहु क्लेश विकार'। अर्थात हे नाथ! तुम मुझे बल, बुद्धि, विद्या प्रदान कीजिए और हमारे अंदर जो क्लेश विद्यमान हैं, उसे हर लीजिए। जो भी भक्त हनुमान जी की पूजा पवित्र मन से करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हमारे मनीषियों का कथन है कि नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से इसके भक्त इसी धरा में रहकर स्वर्ग के समान सुख प्राप्त करते हैं। जब वे इस धरा से विदा होते हैं, तब उनके प्राण निकलने का कोई कष्ट नहीं होते हैं। वे मोक्ष गामी होते हैं। हनुमान की भक्ति से भक्तों के अंदर कोई डर - भय नहीं रहता हैं। वे धीरे - धीरे कर माया के सभी बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। भक्त निर्भय हो जाते हैं। भक्त यह जान जाते हैं कि इस धरा पर उनका आना एक अवसर है । जाना भी एक अवसर है । उन्हें मृत्यु भय से मुक्ति मिल जाती है। वे अपना संपूर्ण जीवन भयमुक्त होकर जीते हैं। मन के अंदर के सभी कलमस कसाई सब खत्म हो जातें हैं। भक्त साक्षी भाव से जीवन जीते है। उनमें अहंकार लेश मात्र नहीं होते हैं। वे खुद भी प्रसन्न रहते हैं और अपने आसपास के लोगों को भी प्रसन्नता प्रदान करते हैं। संत तुलसीदास आगे हनुमान चालीसा में लिखते हैं कि 'कुमति निवार सुमति के संगी, कंचन बरन बिराज सुबेसा'। इनकी भक्ति से जितने भी तरह के कुमति हैं, सब दूर हो जाते हैं और भक्त सुमति के संग हो जाते हैं। भगवान राम की आराधना जो भी भक्त करते हैं, उन्हें भक्त हनुमान की भी कृपा प्राप्त होती हैं। जैसे ही भक्तगण राम शब्द का उच्चारण करते हैं। हनुमान जी तत्क्षण प्रसन्न हो जाते हैं। संत तुलसीदास ने रामचरितमानस में वर्णन किया है कि जहां भी राम कथा का आयोजन होता है। भक्त हनुमान वहां किसी न किसी रूप में कथा सुन रहे होते हैं। अर्थात जो भी भक्तगण भगवान राम की कथा में सम्मिलित होते हैं, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। भक्तों के मध्य ही अजर, अमर, अविनाशी भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान भी सम्मिलित होते हैं। इसलिए रामकथा के भक्तों को कथा समाप्ति के बाद उस धरती को जरूर प्रणाम करना चाहिए। जहां पर यह कथा हो रही होती है। भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान की कथा, भक्ति और वीरता से ओतप्रोत है। माता सीता का पता लगाने के कार्य के लिए एक से एक वीर वानर वहां मौजूद थे। लेकिन यह अवसर राम ने सिर्फ हनुमान को ही दिया था। यह हनुमान की भक्ति का सर्वोत्तम सोपान था। हनुमान जब लंका पहुंचते हैं। माता जानकी को सबूत के रूप में अंगूठी देते हैं। माता को अशोक वाटिका में इस रूप में देखकर उन्हें अपार कष्ट होता है। वे भाव विह्वल हो गए थे। वे चाहते तो उसी पल माता सीता को अशोक वाटिका से लेकर राम के समक्ष प्रस्तुत हो सकते थे। लेकिन यह आदेश भगवान राम ने उन्हें नहीं दिया था । उन्हें सिर्फ माता सीता का ही पता लगाना था। भक्त हनुमान की सूचना पाकर लंकाधिपति रावण उसे पकड़ने की कोशिश बहुत करते हैं। लेकिन हनुमान को पकड़ नहीं पाते हैं। अंततः ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को पकड़ने में सफल होते हैं। भक्त हनुमान ने ब्रह्मास्त्र का मान टूटने नहीं दिया और उन्होंने स्वयं को लंकापति के सुपुर्द कर दिया था। ऐसा कर हनुमान ने धर्म की रक्षा की थी। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में राम भक्त हनुमान के संदर्भ में अमर पंक्तियां दर्ज की है। उन्होंने दर्ज किया कि 'विद्यावान गुनी अति चातुर, राम काज करिबे को आतुर'। अर्थात भक्त हनुमान सभी विधाओं में निपुण हैं और भगवान राम के कार्य करने के लिए आतुर भी है। इस पद से हम सबों को शिक्षा मिलती है कि हर व्यक्ति को विद्या ग्रहण के प्रति निष्ठावान होना चाहिए और अपने आराध्य के प्रति समर्पित भी होना चाहिए। आगे संत तुलसीदास दर्ज करते हैं कि 'संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा'। अर्थात भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के सभी कष्ट मिट जाते हैं। 'जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा, होय सिद्धि साखी गौरीसा, तुलसीदास सदा हरग चेरा, कीजै नाथ हृदय मंह डेरा। उपरोक्त सारगर्भित पंक्तियां सभी भक्तों को तार देती हैं। बस इन पंक्तियों को अपने दैनंदिन जीवन में उतारने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

(कथाकार / स्तंभकार),
पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825 301

आपकी बात

जाम से कब मिलेगी मुक्ति?

हम अस्सी और नब्बे की दशक की बात करें तो रांची और पटना शहरों में जाने पर ही हमें पता चलता था कि ट्रेफिक पुलिस क्या है और जेबरा क्रासिंग किसे कहते है? अब तो हमारे शहर मेदिनीनगर में लगभग सभी सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। रेड़मा चौक और छहमुहान पर ट्रेफिक पुलिसकर्मी जाम से निपटने में बेहाल है। रविवार की देर रात लगभग 11-12 बजे तक ट्रेफिक पुलिस के जवानों को मुस्तैदी से कार्य करते देखा गया । उधर, जाम की यह स्थिति है कि सड़क पर वाहन चल नहीं रहे हैं,बल्कि सरक रहे हैं। स्थिति यह है कि

आसपास के गांवों से आने वाले लोग टैम्पो और बाइक में सवार होकर शहर में कई कामों से आते रहते हैं। जाम का मुख्य कारण अगर माना जाये तो बढ़ती हुई आबादी और दो पहिया वाहनों की बढ़ती संख्या है। शहर में साइकिल की तो एक-आध दुकाने हैं,लेकिन बाइक के कई शो रूम रेड़मा इलाके में मौजूद हैं। रेड़मा शहर के बाइक हब के रूप में विकसित हो चुका है। यहां पर कई बाइक शो रूम हैं, खासकर रांची रोड में। शहर के साइकिल पंचर बनाने की दुकान मुश्किल से मिलती है। एक पंचर बनाने वाले ने बताया कि भाई अब साइकिल कौन चढ़ता है, सभी बच्चे तो बाइक और स्कूटी चला रहे हैं। अस्सी दशक की बात करें तो थाना रोड में थाना की चहारदीवारी से सटे बैलगाड़ियों का झुंड यहां दिन भर लगा करते थे। अब वहां पर कार और अन्य चारपहिया वाहनों की कतार लगी रहती है। मेदिनीनगर की आधी सड़क पर बाइक लगी रहती है। बाकी बची जगहों पर ठेलों और फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है। वहीं बात करें तो अतिक्रमण हटाने की तो हर वर्ष अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन अतिक्रमण ज्यों का त्यों बनी हुई है। वैसे इस जाम से निपटने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। वैसे भी अन्य शहरों की तरह बाजारों और बस स्टैंड का स्थानांतरण आवश्यक है। साथ ही फ्लाई ओवर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। देखें हमारे शहर को जाम से कब निजात मिलती है। वैसै तो हमारे राज्य की राजधानी भी इस जाम से मुक्त नहीं है।

- अभिनव प्रकाश, मेदिनीनगर।

चुनावी रणनीति

ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष

डॉ. आशीष वशिष्ठ

मोदी विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता। देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरूआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं।

> **26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

बोधि वृक्ष

मां लक्ष्मी का प्रसिद्ध तथा अनूठे मंदिर

लक्ष्मी नारायण मंदिर, दिल्ली

लक्ष्मी नारायण मंदिर को बिड़ला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी को समर्पित यह मंदिर दिल्ली के प्रमुख मंदिरों में से एक है। इसका निर्माण 1938 में हुआ था और इसका उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। बिड़ला मंदिर अपने यहां मनाई जाने वाली जन्माष्टमी के लिए भी प्रसिद्ध है। इसके अलावा यहां नवरात्रि और दीपावली के समय भी काफी आयोजन किए जाते हैं। दीपावली पर मंदिर की साज-सज्जा देखने लायक होती है।

श्री पुरम (स्वर्ण मंदिर), वैल्लोर

यह मंदिर भारत के तमिलनाडु में थिरुमलाइकोडी (मलाइकोडी) वैल्लोर में छोटी पहाड़ियो के तल पर श्री पुरम आध्यात्मिक पार्क में स्थित है। यह तिरुपति से 12 कि.मी., चेन्नई से 145 कि.मी., पुडुचेरी से

160 कि.मी. और बेंगलुरु से 200 कि.मी. दूर है। मंदिर में मुख्यत : देवी श्री लक्ष्मी नारायणी या महालक्ष्मी (धन की देवी) की आराधना की जाती है। महालक्ष्मी का महाकुंभ 24 अगस्त, 2007 को आयोजित किया गया था। सभी धर्मों के भक्तों का इस मंदिर में स्वागत किया जाता है। अनुमानितः यह मंदिर 1500 किलोग्राम शुद्ध सोने से सुसज्जित है जो अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के गुंबद के 750 किलोग्राम के सोने के आकार का दोगुना है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

गूगल मैप की मदद से सीएनजी पंप का पता लगाएं

इसमें स्थान, दूरी, रेटिंग, और अन्य जानकारी शामिल हो सकती है। 4. **नेविगेट करें:** आप अपनी पसंदीदा सीएनजी पंप का चयन करके उसके निकटतम मार्ग को नेविगेट कर सकते हैं। गाइडेंस के लिए आप दिए गए मार्ग पर क्लिक करके नेविगेट कर सकते हैं।

5. **समर्थन और सेवाएं:** गूगल मैप्स आपको विभिन्न अन्य सेवाएं भी प्रदान करता है, जैसे कि ट्रैफिक अपडेट्स, अलग-अलग रूट विकल्प, और भूमि सतेलाइट चित्रों का प्रयोग करके आपको बेहतर नेविगेशन देना।

गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप के लाभ:

1. **समय और ऊर्जा की बचत:** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंप की खोज से, आप समय और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। आप बिना यहां-वहां जाकर अपने गैस की जरूरत पूरी कर सकते हैं।

2. **अधिकतम सहयोग:** गूगल मैप्स ने अपने प्रयोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य उपयोगी जानकारी जैसे कि समय, दूरी, और रेटिंग के साथ-साथ सीएनजी पंपों के लिए सबसे बेहतरीन और सटीक मार्ग भी प्रदान करता है।

3. **स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा:** सीएनजी पंपों पर जाने से, आप प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हैं, जो कि अधिक स्वच्छ और सस्ती है। इससे पर्यावरण को भी लाभ होता है। 4. **बेहतर यात्रा अनुभव:** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंपों की खोज से आपका यात्रा अनुभव बेहतर होता है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

भाजपा ने सामाजिक तानेबाने को किया तहस-नहस : अनिल

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्षों में मध्य प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने के लिए सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है, हमें पूरा विश्वास है कि देश की जनता जीतेगी और भाजपा सरकार की हार होगी। हमें पूरा विश्वास है कि जिन भाजपा सरकारों ने किसानों, नौजवानों, बेटियों, दलितों, पिछड़ों और पहलवानों सबका अपमान किया है, उन्हें देश की जनता परास्त करेगी। बेरोजगारी की चर्चा करते हुए अनिल शास्त्री ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे। इंटरनेशनल लेबर आगेर्नाइजेशन की रिपोर्ट बताती है कि भारत के 83 प्रतिशत युवाओं के पास रोजगार नहीं है।

भ्रष्टाचार के स्लीपर सेल का असली सरगना बेनकाब : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने शिक्षक भर्ती घोटाले में आए कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सीधे राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरते हुए यह आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के स्लीपर सेल की असली सरगना (ममता बनर्जी) आज बेनकाब हो गई हैं। भाजपा ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तुरंत अपने पद से इस्तीफा देने की भी मांग की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोला और कहा कि अब तक ममता बनर्जी अपने भ्रष्ट नेताओं और मंत्रियों को बचाती नजर आती थीं, लेकिन कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले ने अब उन्हें ही बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के स्लीपर सेल की असली सरगना ममता बनर्जी हैं और आज वह बेनकाब हो गई हैं।

विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय, मोदी की पहचान : योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि इन मुद्दों पर चर्चा करने पर पब्लिक का रिस्पांस मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है

वो है इन्फ्रास्ट्रक्चर।

आज देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे, आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल 1 एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय 6 नए एम्स की स्थापना हुई। मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। इसी प्रकार आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार और अयोध्या में 500 साल के इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुनः विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है।

30 देशों के 400 श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। तीस देशों के 90 भारतीय प्रतिनिधियों के साथ अयोध्या पहुंचे 400 श्रद्धालुओं ने रामलाला के दर्शन किए। इसमें भूटान राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग एवम चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, गणराज तायवान ने भी दरबार में हाजिरी लगाई। इनका नेतृत्व वैश्विक भारत ब्रांड एंबेसडर व अध्यक्ष दिल्ली स्टडी ग्रुप डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं को रामनामी दुपट्टा ओढ़ाकर माथे पर चंदन का तिलक लगाया गया।

भारी सुरक्षा के बीच मणिपुर में 11 बूथों पर हुआ पुनर्मतदान

एजेंसी। इंफाल

आंतरिक-मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। सुबह 11 बजे तक करीब 38 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले थे। 11 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई और यह शाम 5 बजे तक चली। चुनाव आयोग ने शनिवार को 11 मतदान केंद्रों पर हुए चुनाव को रद्द घोषित कर दिया और इंफाल पूर्वी जिले के सात और इंफाल पश्चिम जिले के चार केंद्रों पर नए सिरे से मतदान कराने की घोषणा की थी। अधिकारियों ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए इन मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सहित अतिरिक्त सुरक्षा बलों की बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। कांग्रेस ने 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी और कहा था कि बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर कब्जा कर लिया गया और चुनावों में धांधली हुई है। मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष के मेघचंद्र सिंह ने कहा था कि पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कर आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के 36 और बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की है।



एनसीपी ने घोषणापत्र में कहा किसानों को देंगे एमएसपी

एजेंसी। मुंबई

एनडीए की सहयोगी और महाराष्ट्र में महायुति सरकार में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने किसानों के लिए जाति आधारित जनगणना और न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की है। पार्टी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया और कहा कि पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण को भारत रत्न पुरस्कार देने और मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिलाने की अपनी मांगों को आगे बढ़ाएगी। घोषणापत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार ने कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल की उपस्थिति में जारी किया। इसमें किसानों को

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने की बात कही गई है। राकांपा ने किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना दी जाने वाली राशि में वृद्धि की मांग की है। पार्टी कृषि फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाने और इसे अधिक किसान-अनुकूल बनाने की पक्षधर है। इसके अलावा, पार्टी ने मुद्रा योजना योजना के तहत ऋण को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रयास करने का प्रस्ताव दिया है। पार्टी ने बिजली के पारंपरिक स्रोतों पर किसानों की निर्भरता को कम करने के लिए कहा कि कृषि उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए बिजली आपूर्ति के स्थायी स्रोत प्रदान करने और सौर ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, जलविद्युत परियोजनाओं आदि को बढ़ावा देने की बात कही।

भारत विरोधी शक्तियों से कांग्रेस व इंडी गठबंधन मिला रहा हाथ

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर सत्ता पाने के लिए भारत विरोधी शक्तियों से हाथ मिलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे यह स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा और एनडीए गठबंधन 400 पार जा रही है। भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि एनडीए गठबंधन की तय जीत को देखने के बाद इंडी गठबंधन और कांग्रेस में अजीब सी बौखलाहट है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीन एजेंडा है, तुष्टिकरण करना, हिंदुओं से नफरत करना और सत्ता पाने के लिए भारत विरोधी शक्तियों से हाथ मिला लेना। कर्नाटक में कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या मामले में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का

इस्तीफा मांगते हुए भाटिया ने कहा कि यह लव जिहाद का मामला है। लेकिन, तुष्टिकरण के कारण मुख्यमंत्री जांच से पहले ही यह कह रहे हैं कि यह लव जिहाद का मामला नहीं है। न्याय की बात करने वाली कांग्रेस आज अपने ही नेता को न्याय नहीं दे पा रही है और उनके साथ भी भाजपा ही खड़ी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके घर जाकर कहा कि उन्हें न्याय मिलेगा। जबकि, अभी तक वहां सोनिया गांधी, राहुल गांधी यहां तक कि राज्य के मुख्यमंत्री भी नहीं गए हैं। प्रियंका गांधी के 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के बयान को याद दिलाते हुए भाजपा प्रवक्ता ने पूछा कि आज वह कहां हैं।

बीजेपी विधायक राजा सिंह के खिलाफ एक और मामला दर्ज

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस ने रामनवमी के सिलसिले में कुछ दिन पहले आयोजित शोभायात्रा के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के लिए गोशामहल के भाजपा विधायक राजा सिंह के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। सुल्तान बाजार पुलिस स्टेशन ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया। गोशामहल विधायक ने तय समय से आगे तक रैली जारी रखी। 17 अप्रैल को निकाले गए जुलूस के संबंध में विवादास्पद विधायक के खिलाफ दर्ज होने वाला यह दूसरा मामला है। इससे पहले अफजलगंज पुलिस ने विधायक पर बिना इजाजत जुलूस निकालने का मामला दर्ज किया था। हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माधवीलता पर भी पुलिस ने जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज किया है।

कन्हैया और उदित का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

एजेंसी। दिल्ली

एक तरफ जहां राहुल गांधी कांग्रेस को राजनीतिक मोर्चे पर सक्रिय करने का अपनी तरफ से हर मुमकिन प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी में जारी सिरझफुटौव्वल थमने का नाम

नहीं ले रहा है। सोमवार को पार्टी कार्यकताओं ने उदित राज और कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारे जाने का विरोध किया। कार्यकताओं ने इन दोनों को बाहरी बताया। कार्यकताओं का कहना है कि जो लोग पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम कर रहे हैं।

सीबीआई व ईडी को भाजपा के जमाई बताने पर भड़के विजय सिन्हा

एजेंसी। पटना

बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग को भाजपा के जमाई बताए जाने पर जमकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस तरह से सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग के लिये भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये संवैधानिक संस्थाएं मां भारती की संतान हैं और यह संविधान हमारी माता के रूप में है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इन संवैधानिक संस्थाओं को लेकर इस प्रकार मजाक कर रहे हैं।

न्यूज बॉक्स

बिना चेकअप, नॉन एमबीबीएस डॉक्टर ने बनाया केजरीवाल का डाइट प्लान : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से अपील की थी कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने डॉक्टर से सलाह लेना चाहते हैं और इंसुलिन फिर से शुरू करना चाहते हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी के वकील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल और डॉक्टर की मुलाकात का विरोध किया। इसके साथ ही केजरीवाल को इंसुलिन लेने की जरूरत से भी इनकार किया गया। आतिशी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 300 से ऊपर जा रहा है। ऐसे में कोई भी डॉक्टर यह नहीं कहेगा कि 300 से ऊपर का शुगर लेवल बिना इंसुलिन के कंट्रोल हो सकता है। आतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल बीते 30 साल से डायबिटीज के मरीज हैं। लेकिन तिहाड़ जेल प्रशासन के वकील ने केजरीवाल के इंसुलिन लेने की जरूरत का विरोध किया है। आतिशी का कहना है कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा कि एम्स के डॉक्टर से बात की गई है। एम्स के डॉक्टर बताएंगे कि अरविंद केजरीवाल को क्या जरूरत है। जेल प्रशासन ने कहा कि एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि केजरीवाल यदि सही डाइट चार्ट फॉलो करेंगे तो उन्हें किसी स्पेशलिस्ट डॉक्टर से बात करने की जरूरत नहीं है, न ही उन्हें इंसुलिन की जरूरत पड़ेगी।

नीतीश कुमार के परिवारवाद वाले बयान पर तेजस्वी का पलटवार

पटना। बिहार के चुनाव में अब संतानों की संख्या को लेकर सियासत शुरू हो गयी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बच्चों की संख्या को लेकर तंज कसा था तो सोमवार को लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव ने भाजपा के कई नेताओं सहित कई महापुरुषों के पारिवारिक सदस्यों की गणना कर दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए हमेशा सम्मान रहेगा। वे खुद नहीं बोलते हैं उनसे बुलवाया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी हमारे अभिभावक और पिता तुल्य हैं। मेरे परिवार पर बोलने से पहले उनको जानना चाहिए कि जिन्होंने इस देश का संविधान लिखा था, वह 14 भाई बहन थे। बाबा साहब खुद 14 वें नंबर पर थे। इसके आगे उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जी भी 14 भाई बहन थे और खुद वह आठवें नंबर पर थे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पांच भाई-बहन हैं। देवगौड़ा जी के छह बच्चे हैं, नरसिम्हा राव जी के आठ बच्चे थे। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जी से जो लोग बुलवा रहे हैं, पहले उनको यह सब देख लेना चाहिए था। यह कोई मुद्दा नहीं है और बात मुद्दे की होनी चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि नीतीश कुमार क्यों नहीं विशेष राज्य के दर्जे, विशेष पैकेज की मांग कर रहे हैं। बिहार के विकास की बात होनी चाहिए।

यूपीए का नाम बदलकर इंडिया रखना नकली राष्ट्रवाद : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार भाजपा ने आरोप पत्र जारी करते हुए राजद प्रमुख लालू यादव और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोला है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि यूपीए का नाम बदलकर इंडिया महाठगबंधन कर लिया गया है। ये नकली राष्ट्रवाद का प्रयास है। ये लोग भारत को श्रेष्ठ बनाने का काम नहीं करते, ये लोग केवल तोड़ने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश ने कांग्रेस के घोटालों को देखा है। वहीं, परिवारवाद के लिए समर्पित लालू यादव ने सिर्फ परिवार के लिए काम किया, गरीब के लिए नहीं।

कटिहार में है दिलचस्प मुकाबला

एजेंसी। कटिहार

पौराणिक और राजनीतिक महत्व रखने वाली कटिहार की धरती पर किसानों की मेहनत से आम के बगान और पोखरों में मखान के पत्ते देखकर आप इस क्षेत्र की समृद्धि का अंदाजा लगा जा सकते हैं। जूट की पहचान वाले इस कटिहार की राजनीतिक समझ भी किसी क्षेत्र से कम नहीं। तभी तो सीताराम केसरी, मोहम्मद यूनुस सलीम, तारिक अनवर जैसे दिग्गज इस क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस चुनाव में भी पांच नदियों के किनारे बसे इस कटिहार क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प दिखाई दे रहा है। महागठबंधन की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर को चुनावी मैदान में उतार कर कांग्रेस अपनी खोई जमीन हथियाने की फिराक में है, तो एनडीए ने जदयू के दुलालचंद गोस्वामी को फिर से उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी इन दोनों के ही बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें गोस्वामी भारी पड़े थे और पहली बार सांसद बने थे।

आज का राशिफल

मेष — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

वृषभ — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

मिथुन — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

कर्क — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

सिंह — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं।

कन्या — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें।

तुला — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

धनु — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

मकर — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

कुम्भ — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

मीन — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्धि होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

आदिवासी युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए शार्टटर्म कोर्सेज

नई दिल्ली। केंद्रीय स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के युवाओं को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) इस पहल में साझेदार हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मुताबिक स्किल इंडिया डिजिटल हब प्लेटफॉर्म से शार्टटर्म कोर्सेज सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। यह कोर्सेज उद्योग-मान्यता प्राप्त हैं, जिससे उनकी रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसके अलावा, वे ग्लोबल मोबिलिटी और प्लेसमेंट व्यवस्था में विशेषज्ञता रखने वाली एनएसडीसी की सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा सुविधा प्राप्त इंटरनेशनल जॉब प्लेसमेंट के लिए पात्र होंगे।

भगवान के देश में किसे मिलेगी जीत

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

केरल में तीन मुख्य राजनीतिक दल कांग्रेस, वामपंथी और भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। 'भगवान का अपना देश' कहे जाने वाले केरल मे 20 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य में डेरा डाले सीपीआई-एम के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि उन्हें 2004 के पार्टी के प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद है, जब उन्होंने 20 में से रिकॉर्ड 18 सीटें जीती थीं। उन्होंने पीएम मोदी के उस बयान को खारिज कर दिया कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए को केरल में जीत मिलेगी।

2019 के आम चुनावों में 20 में से 19 सीटें जीतने वाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ ने भी राज्य में अपना प्रदर्शन दोहराने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के.सुधाकरन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि केरल का चुनावी नतीजा यूडीएफ

के पक्ष में और पीएम मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ आएगा।

उन्होंने कहा कि केरल में लोग जानते हैं कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आपस में मिले हुए हैं। इस बीच भाजपा राज्य में सीटें जीतने की उम्मीद लगाए बैठी है। पार्टी को उम्मीद है कि वह कम से कम तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर सीट पर जीत हासिल करेगी। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव में, तिरुवनंतपुरम को छोड़कर, शेष 19 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी।

2019 के चुनाव में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 47.48 प्रतिशत वोटों के साथ 19 सीटों पर जीत हासिल की। सीपीआई-एम के नेतृत्व में वामदलों को 36.29 प्रतिशत वोट और एक सीट मिली, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 15.64 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन सीटों के मामले में हाथ खाली रहा।

संसाधन पर पहला अधिकार गरीब, दलित आदिवासी और पिछड़ों का है : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के कांकेर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 'देश के संसाधनों पर मुसलमानों के पहले अधिकार' वाले बयान का जिक्र कर पार्टी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि वह कहते हैं कि संसाधन पर अधिकार अल्पसंख्यकों का है। लेकिन, हम कहते हैं संसाधन पर पहला अधिकार देश के गरीब, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का है। दरअसल, राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के बयान का जिक्र करते हुए कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में

सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। अब इसको लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी जंग तेज हो गई है। इसी मुद्दे पर कांकेर में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी-अभी कांग्रेस पार्टी को मिर्ची लगी है क्योंकि पीएम मोदी ने उनके घोषणापत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे करने वाली बात कही है। पीएम मोदी ने कल कहा कि क्यों करना है सर्वे? आज पूरी कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी पर सवाल उठा रही है। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि आपके घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं? कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के सामने यह स्पष्ट करें कि आपके प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि संसाधन पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, आदिवासी, दलित का नहीं है।

एससी ने रेप पीड़िता नाबालिग के गर्भ को गिराने की दी इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप की शिकार एक नाबालिग के 30 सप्ताह के गर्भ को गिराने की इजाजत दे दी। मामले में विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। हाईकोर्ट ने 14 वर्षीय रेप पीड़िता की मां की गर्भपात की याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा कि रेप से नाबालिग को गर्भ ठहरा और उसे बहुत समय तक अपनी गर्भावस्था के बारे में पता भी नहीं चला। 19 अप्रैल को पहले की सुनवाई में, सुप्रीम कोर्ट ने मामले में मुंबई के सायन अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया था।

सैम करन पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया, ह्लकरन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रनों पर सिमट गई। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंदों पर 3 चौकों और इतने ही छक्कों की बदौलत 35 रन बनाए। प्रभसिमरन के अलावा कप्तान सैम करन ने 20 और हरप्रीत बरार ने 29 रन बनाए।

लखनऊ से पिछली हार का बदला लेना चाहेगी सीएसके

एजेंसी। चेन्नई

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति को बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेपॉक में चेन्नई को हराना मुश्किल

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेऑफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं । लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

चेन्नई सुपर किंग्स – अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, समीर रिज्वी, मोईन अली, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीषा पथिराना।

लखनऊ सुपर जायंट्स – क्विंटन डि कॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, शमर जोसेफ, मोहसिन खान, यश ठाकुर।

सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा। चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हारे रमित टंडन

नई दिल्ली। मिस्र में चल रहे एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी रमित टंडन का सफर समाप्त हो गया है। रमित तीसरे दौर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी पेरू के डिएगो एलियास से सीधे गेम में हार गए। रविवार को खेले गए तीसरे दौर के मुकाबले में रमित पूर्व विश्व नंबर एक एलियास को कोई चुनौती नहीं दे पाए और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 11-2, 11-4, 11-2 से हार कर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। विश्व के 40वें नंबर के खिलाड़ी रमित, जो अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं, ने टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में मिस्र के एली हुसैन को हराया था, इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के विक्टर क्रोइन को शिकस्त दी

9वीं सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता 27-28 अप्रैल को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 9वीं सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता आगामी 27 एवं 28 अप्रैल को बिशप स्कूल, ओल्ड एचबी रोड, बहुबाजार के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के साथ क्विज, स्पीच, पेंटिंग एवं रंगोली की भी प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। इस प्रतियोगिता में तीन साल से लेकर सत्तर साल तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

यह प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न होगी। 27 अप्रैल को दिन में दो बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा। इस दिन केवल योग के प्रतिभागी ग्रुप डी, ई, एफ और जी के लड़के एवं लड़कियां प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। दूसरे दिन रविवार को सुबह नौ बजे से बाकी ग्रुप ओ, ए, बी एवं सी की प्रतियोगिता शुरू होगी। साथ ही, पेंटिंग, क्विज, स्पीच और रंगोली की भी प्रतियोगिता रविवार को ही आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी एक बैठक में दी गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ परिणीता सिंह ने की। इस बैठक में निशि अग्रवाल (उपाध्यक्ष), योगाचार्य आदित्य कुमार (सेक्रेटरी), डॉ रूपम सिंह (ज्वाइंट सेक्रेटरी), विवेक कुमार, निक्की साहू, शैल मिश्रा, दिव्या, पूनम प्रसाद, संजय कुमार, निहारिका राय एवं रवि कुमार ने भाग लिया।

हॉकी टीम के कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मरीना लालरामनघाकी ने कहा-

मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था

एजेंसी। नई दिल्ली

मिजोरम की युवा और ऊजार्वान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने हाल ही में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के कोर ग्रुप में जगह बनाई है, जो वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में प्रशिक्षण ले रही है।

हॉकी मिजोरम की 22 वर्षीय मिडफील्डर मरीना ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए और इस तरह मैदान पर अपनी चपलता और रणनीतिक खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। मरीना ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 और 2019 में ऑस्ट्रेलिया में अंडर-21 तीन राष्ट्रों के आमंत्रण टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व किया।

अपने चयन पर मरीना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था, और मेरी आँखों में खुशी के आँसू भर आए। मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

आगामी टूनार्मेंटों पर नजर रखते हुए, मरीना आगे की चुनौतियों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में, मेरा ध्यान भारतीय टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

अंपायर को आंख दिखाना पड़ा विराट को महंगा, लगा जुर्माना

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली अपने विकेट को लेकर काफी नाराज दिखे थे नाराजगी इतनी थी कि वह अंपायर से जा भीड़े। विराट कोहली हर्षित राणा की गेंद पर विराट कॉट एंड बोल्ड हुए थे। इसे लेकर विराट का मानना था कि वह गेंद नो बॉल थी। हालांकि, थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया था। यही कारण है कि विराट कोहली अंपायर के बहस करने लगे।



आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुच्छेद 2.8 के तहत विराट कोहली को लेवल 1 का दोषी पाया गया। विराट कोहली ने भी अपने अपराध को स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता आईपीएल 2024 के 36वें मैच में केकेआर के खिलाफ आरसीबी के लिए बैटिंग कर रहे विराट कोहली तेज गेंदबाज हर्षित राणा के खिलाफ फुलटॉस गेंद पर आउट हो गए। हर्षित राणा की वह गेंद काफी ऊंची जाती हुई दिख रही थी। वीडियो रिप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद उनके कमर के ऊपर है। ऐसे में विराट कोहली का मानना था कि उस गेंद को नो बॉल करार दिया जाना चाहिए, लेकिन थर्ड अंपायर के फैसले में उन्हें आउट दिया गया।

फस्ट हॉकी लीग में फगुवा XI की टीम ने प्रभात तारा स्कूल को हराया

नवीन मेल। रांची

हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा 20 अप्रैल से 02 तक आयोजित फस्ट हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज तीसरे दिन पुरुष वर्ग के 02 मैच खेले गए । जिसमें फगुवा XI ने प्रभात तारा स्कूल, धुर्वा को 10-01 से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया तथा इंडोर हॉकी और ए जी झारखंड के बीच 02-02 गोल की बराबरी पर मैच समाप्त हुआ। इससे पूर्व आज के मैच के मुख्य अतिथि फादर गिल्बर्ट बरला एस जे, प्रधानाध्यापक, प्रभात तारा स्कूल, धुर्वा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया । आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के जयन्त केरकेट्टा, माइकल लाल, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, अभिषेक कुमार इत्यादि थे।

भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज ने इंग्लैंड में जड़ा दोहरा शतक

नॉर्थेप्टनशायर । विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग्लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण नायर ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकाडर वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

व्यापार/लाइफ व साइंस

एयर इंडिया के 'आसमान की रानी' बोइंग 747 ने आखिरी उड़ान भरी

एजेंसी। नई दिल्ली

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने अपने दिग्गज 747 बोइंग विमान को रिटायर कर दिया है। एयरलाइंस के आखिरी बोइंग 747 विमान ने सोमवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। इसे कभी 'आसमान की रानी' भी कहा जाता था।

एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आज हम मुंबई से प्रस्थान करने वाली अपनी आखिरी 'आसमान की रानी', बी747 को अलविदा कहते हैं। शानदार उड़ानों के युग के लिए धन्यवाद। हम आपकी प्रतिष्ठित उपस्थिति को याद करेंगे। एयर इंडिया ने मुंबई हवाई अड्डे से विमान के प्रस्थान की तस्वीरें भी साझा की हैं। उल्लेखनीय है कि 'आसमान की रानी' कहा जाने वाला यह विमान एक समय में मालवाहक के उड़ान संचालन का मुख्य आधार था। इसका उपयोग लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए किया जाता था। एयर इंडिया के स्वामित्व में बदलाव के बाद से एयरलाइन में कई बड़े बदलाव हुए हैं। प्रबंधन से लेकर इसके स्वरूप और ब्रांडिंग तक। 'महाराजा' को अलविदा कहने के बाद एयर इंडिया ने नए युग का नया रूप धारण किया है।

चार लाख ग्राहकों की शान बनी टाटा मैजिक वैन

पेट्रोल और सीएनजी में भी उपलब्ध

एजेंसी। नई दिल्ली

टाटा मैजिक भारत के सबसे बड़ी कॉमर्शियल वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने भारतीय बाजार में 4 लाख टाटा मैजिक वैन बेचने का आंकड़ा पार कर माइलस्टोन स्थापित कर दिया है। कॉमर्शियल पर्पज से वैन खरीदने वालों की प्रमुख पसंद के रूप में टाटा मैजिक वर्षों से हजारों-लोगों की कमाई का जरिया है। ऐसे में मैजिक के 4 लाख ग्राहक पूरे होने के मौके पर कंपनी ने बड़ी घोषणा करते हुए इस वैन का बाय-फ्यूल वेरिएंट लॉन्च किया है, जो कि पेट्रोल के साथ ही सीएनजी विकल्पों में भी है।

▶ 10 सीटर टाटा मैजिक

टाटा मैजिक बाय-फ्यूल ग्राहकों की सुविधा को और ज्यादा बढ़ाने के लिए लाई गई है। ट्रांसपोर्टेशन में विश्वसनीयता, दक्षता और सामर्थ्य के लिए पॉपुलर 10-सीटर टाटा मैजिक पैसेंजर्स और ऑपरेटर्स की आदर्श पसंद रही है। इसे छोटे कारोबारियों का साथी कहा जाता है और यह स्कूल वैन, टैक्सी, रिक्शा, एम्बुलेंस और लास्ट माइल डिलीवरी के प्रमुख साधन के रूप में धड़ल्ले से इस्तेमाल होती है।

▶ काफी सारे अच्छे फीचर्स

आपको बता दें कि टाटा मैजिक बाय-फ्यूल को ईको स्विच, गियरशिफ्ट अडवाइजर और बेहतर ड्राइवर एर्गोनॉमिक्स जैसे काफी सारे वैल्यू-ऐडेड फीचर्स के साथ पेश किया गया है, जिसका मकसद है कि ऑनरशिप कॉस्ट को कम किया जाए। मैजिक-बाय-फ्यूल 694 सीसी इंजन द्वारा संचालित है और इसमें 5-लीटर पेट्रोल टैंक के साथ 60-लीटर सीएनजी टैंक दिया गया है, जिसे एक बार फुल कराने पर 380 किलोमीटर तक की रेंज हासिल की जा सकती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस और कम मेंटेनेंस कॉस्टऑफरिंग के साथ टाटा मैजिक 2 साल या 72,000 किलोमीटर की असाधारण वॉरंटी के साथ आती है।

▶ टाटा ऐस मिनी ट्रक का पैसेंजर वर्जन

आपको बता दें कि टाटा मैजिक एक लोकप्रिय कमर्शियल वाहन है, जो मूल रूप से टाटा ऐस मिनी ट्रक का पैसेंजर वर्जन है और इसे यात्रियों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बेहतर माइलेज वाली वैन है, जिसकी देखभाल भी आसान है, जो इसे छोटे कारोबारियों के लिए किफायती है। टाटा मैजिक अलग-अलग सीटिंग कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध है, जो 4 से 10 यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। टाटा मैजिक में एक मजबूत ऑल-स्टील केबिन है, जो यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करता है।

तीन मई को लांच होगी बजाज पल्सर एन400

एजेंसी। नई दिल्ली

बजाज ऑटो अगले महीने 3 तारीख को इंडियन टू-व्हीलर मार्केट में अपना सबसे धांसू प्रोडक्ट लॉन्च करने जा रही है। जी हां, 3 मई को बजाज की पल्सर सीरीज की सबसे पावरफुल मोटरसाइकल लॉन्च होने जा रही है, जिसका नाम पल्सर एनएस400 हो सकता है। कहा जा रहा है कि 400 सीसी मोटरसाइकल सेगमेंट में बजाज पल्सर एनएस400 सबसे किफायती विकल्पों में से एक हो सकती है और इसका मुकाबला हार्ली डेविडसन एक्स440, रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 समेत अन्य पॉपुलर मोटरसाइकल से होगा। चलिए, आपको आगामी पल्सर एनएस400 के बारें में बताते हैं।

पावरफुल इंजन बजाज ऑटो ने अब तक अपनी सबसे पावरफुल पल्सर बाइक के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है, लेकिन जितनी भी जानकारियां सामने आ रही हैं, उसके मुताबिक बजाज पल्सर एन400 में डोमिनार 400 वाला ही 373 सीसी का लिक्विड-कूल्ड 4-स्ट्रोक DTS-Fi इंजन देखने को मिल सकता है, जो कि लगभग 40 बीएचपी की पावर और 35 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट कर सकता है। इस इंजन के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिप असिस्ट क्लच मिल सकता है। बजाज की आगामी पल्सर एनएस400 की माइलेज 47 किलोमीटर प्रति लीटर तक की हो सकती है।

हांगकांग ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। सिंगापुर के बाद हांगकांग की सरकार ने भी भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, इन दोनों कंपनियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार के खाद्य सुरक्षा केंद्र ने जारी बयान में कहा है कि जांच में इन दोनों मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद हांगकांग की सरकार ने इन मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। बयान में कहा गया है कि एमडीएच समूह के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में जांच में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी थी। इससे पहले सिंगापुर ने पिछले हफ्ते एवरेस्ट के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की थी, जिसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक होने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले 2023 में अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने साल्मोनेला की मौजूदगी के चलते एवरेस्ट के उत्पादों को हटाने का आदेश दिया था।

टोयोटा किर्लोस्कर का खास लीडर एडिशन भारत में हुआ लांच

एजेंसी। नई दिल्ली

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर इंडिया ने भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर के जरिये ऐसी हवा बनाई है कि पावरफुल 7 सीटर एसयूवी सेगमेट में लोग इसके सामने कुछ और सोच ही नहीं पाते। इसी वजह से टोयोटा फॉर्च्यूनर की अब तक 2.5 लाख यूनिट भारत में बिक चुकी है और हर महीने 3-4 हजार लोग इस धांसू एसयूवी को खरीदते हैं। अब कंपनी ने फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन लॉन्च किया है, जिसमें कुछ नए फीचर्स जोड़े गए हैं और एक्सटीरियर में कुछ बदलाव भी दिख रहे हैं।

डीजल इंजन और 4x2 ड्राइवट्रेन ऑप्शन में

टोयोटा ने नए फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन को 2.8 लीटर डीजल इंजन और 4७2 ड्राइवट्रेन ऑप्शन में पेश किया है। यह इंजन 204 पीएस की पावर और 500 न्यूटन मीटर का टॉर्क जेनरेट करता है। ग्राहक इसे मैनुअल के साथ ही ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प में भी खरीद सकते हैं। इसमें नई खूबियों के रूप में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, वायरलेस चार्जर, ऑटो-फोल्डिंग आउटसाइड रियर व्यू मिरर्स, नए ब्लैक अलॉय व्हील जैसी सुविधाओं के साथ ही 3 डुअल टोन एक्सटीरियर कलर ऑप्शन भी मिलते हैं। फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन बोल्ड और ज्यादा स्पोर्टी डिजाइन के साथ काफी जबरदस्त लगती है।

पावर और स्टाइल का कॉम्बो

आपको बता दें कि टोयोटा फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन को ग्राहकों की जरूरत के अनुसार काफी सारे ऐक्सेसरीज से लैस किया जा सकता है और उसके आधार पर कीमतों में भी अंतर दिखेगा।

सस्ते फोन हो सकते हैं जानलेवा

एजेंसी। नई दिल्ली

स्मार्टफोन खरीदना एक समझदारी भरा फैसला होना चाहिए, क्योंकि स्मार्टफोन हमेशा आपके साथ रहता है। ऐसे में कई बार लोग सस्ते के चक्कर में कोई भी स्मार्टफोन, चार्जर या फिर अन्य स्मार्टफोन एसेसरीज खरीद लेते हैं, जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई बार इस तरह की आदतों की वजह से लोगों की जान तक जा चुकी है। ऐसे में स्मार्टफोन खरीदते वक्त आपको कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए।

▶ कैसे फोन ले रहा है इंसानों की जान

फोन दो तरह से इंसानों की जान ले रहा है। इसमें एक इंसानों का विहेवियर है। इसमें स्मार्टफोन की कोई गलती नहीं है। हालांकि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत से तनाव, चिंता, अवसाद और नींद की कमी जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। रिपोर्ट की मानें, तो ज्यादा देर तक फोन देखने से आंखों में थकान, सिरदर्द और गर्दन में दर्द हो सकता है। इसके अलावा यूजर्स खराब डिस्प्ले वाला फोन सस्ते के चक्कर में खरीद लेते हैं, जिससे निकलने वाली ब्लू लाइट से नींद न आने की समस्या बढ़ रही है। फोन पर ज्यादा समय बिताने से लोगों के रिश्तों में तनाव और अकेलापन हो सकता है, जिससे सुसाइड जैसी घटनाएं हो रही है।



क्या करना चाहिए

- ऐसे में हमेशा अच्छी डिस्प्ले वाले फोन खरीदने चाहिए।
- हमेशा किसी अच्छे ब्रांड का स्मार्टफोन और चार्जर लेना चाहिए।
- सोशल मीडिया और फोन इस्तेमाल का वक्त सीमित करना चाहिए।
- फोन को गर्मी और पानी से दूर रखना चाहिए।
- हम सबको मिलकर फोन के इस्तेमाल को समझदारी से करना
- चाहिए ताकि ये हमारी जान न ले सकें।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में एक घायल

मेदिनीनगर। शहर के छह मुहान स्थित काली मंदिर के पंडित उपेंद्र पाठक को सोमवार की सुबह चार पहिया वाहन ने लाल कोठा के पास धक्का मार दिया। जिसमे उपेंद्र पाठक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह किसी काम से उपेंद्र पाठक बाजार जा रहे थे। इसी बीच लाल कोठा के पास चार पहिया वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उपेंद्र पाठक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे परिजन इन्हे शहर के एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए लेकर पहुंचे है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देख-रेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

तेज कार दुर्घटना में हुई युवक की मौत

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग-चतरा मुख्य पथ पर इन्द्रा गांव के समीप अनियंत्रित स्विफ्ट डिजाइर कार पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। जिसमें हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही घायल चतरा के नगवां मोहल्ला इलाके में संचालित पफेक्स मॉल बिल्डिंग के मालिक व्यवसाई मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कार पर सवार सभी शादी पार्टी में सम्मिलितहो अपने घर चतरा लौट रहे थे। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के इंदिरा गांव के समिप गाड़ी अनियंत्रित हो गई और एक विशालकाय पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।

चलती बाइक से गिरकर महिला हुई गंभीर

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव स्थित मुरारी विश्वकर्मा के घर के समिप बाइक पर सवार महिला गिर कर गंभीर रुप घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग के पेलावल निवासी सरफराज अंसारी बाइक से अपने दो बच्चे और पत्नी के साथ चतरा से लौट रहे थे, इसी क्रम में बरियातू मुरारी विश्वकर्मा के घर के समीप महिला को नींद लग गई और चलते बाइक से गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गई। वहीं घायल महिला और बच्चे को मुरारी अपने निजी वाहन से हजारीबाग अस्पताल पहुंचाया।

थाना प्रभारी की पहल पर क्रेशर संचालकों ने सड़क की मरम्मत की

हरिहरगंज। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के पहल पर क्षेत्र के क्रेशर संचालकों ने पिपरा प्रखंड के दुबटीया से पहलेवा तक जपला-पथरा रोड़ को मरम्मत करायी है. क्रेसर संचालक सह समाजसेवी प्रिंस प्रताप सिंह ने बताया कि जेसीबी तथा हाईवे से जेएसएम तथा स्टोन डस्ट भरकर मरम्मत करायी गयी है। मालूम हो कि उक्त सड़क काफी जर्जर हो गयी थी। जिसे आवागमन में काफी परेशानी हो रहा था। मरम्मत करने वालों में समाजसेवी प्रिंस प्रताप सिंह, रजनीश कुमार सिंह, छोटू सिंह, अनिमेष कुमार, परवीन कुमार, राजू कुमार, विकास कुमार नितिन कुमार, राजकुमार का नाम शामिल है।

फरार वारंटी के घर पुलिस ने की कुर्की जब्त

हरिहरगंज । हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को सेमरवार गांव में विरेन्द्र पासवान के घर का कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विरेन्द्र पासवान बिहार राज्य के दाउदनगर थाना में दर्ज कांड संख्या 240 /2014 का फरार अभियुक्त है। एसआई विगेश कुमार राय तथा पुलिस बल ने कुर्की का कार्रवाई किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर फरार वारंटीयों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ नगरवासियो ने हरिहरगंज पावर सब स्टेशन पर शांतिपूर्ण तरीके से सांकेतिक प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान 22 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति करने की बिजली कंपनी के अधिकारियों से मांग कर रहे थे. साथ ही नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने पर नगरवासियों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है. नगरवासियो ने कहा कि हरिहरगंज पावर सब स्टेशन पर प्रदर्शन के बावजूद नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होती है, तो आगे आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि बीते एक माह से हरिहरगंज में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गयी है. इस उमस भरी गर्मी में परेशानी बढ़ गयी है।

नपं तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं. अनियमित बिजली आपूर्ति से व्यवसाय काफी प्रभावित हो रही है. करीब 4-5 घंटा ही बिजली आपूर्ति की जाती है. वहीं कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20-22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है. विभाग द्वारा हरिहरगंज के बिजली उपभोक्ताओं से सौतेला व्यवहार कर रही है। प्रदर्शन करने वालों में विश्वदीप कुमार, गोपाल प्रसाद साव, संजय प्रसाद जायसवाल, अरविंद कुमार मेहता, शशि कुमार, घुटूर सिंह सहित कई बिजली उपभोक्ता शामिल थे।

कोल वाहनों के परिचालन से ग्रामीणों और राहगीरों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक में प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। वैसे में साप्ताहिक बाजार के दिन भी टंडवा कोल परियोजना से सैकड़ों कोल वाहनों का कटकमसांडी डिपो आना जाना लगा रहता है। वैसे में कोल वाहनों के गुजरने के समय साप्ताहिक बाजार में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जबकि कई बार घंटो जाम का दृश्य देखने को मिलता है। जाम लग जाने के कारण बाजार में आने वाले ग्रामीणों के साथ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग के साथ जिला प्रशासन से कई बार साप्ताहिक बाजार के दिन नो एंट्री लगाने की मांग कर चुके हैं। परंतु प्रशासन

द्वारा ग्रामीणों की मांग को दरकिनार करते हुए कोई कार्रवाई नहीं की गई। वैसे में जिला प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश पनपता जा रहा है। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी से साप्ताहिक बाजार के दिन नो एंट्री लगाने की पहल करने की मांग की है।

दिहाड़ी मजदूर की बेटी बनी विद्यालय टॉपर, लोगों ने दी बधाई

टंडवा (चतरा)। माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 में टंडवा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद भी बेहतर परिणाम हासिल कर अपने प्रतिभा का जौहर दिखाया है। बताया गया कि कुल 96 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुवे। जिसमें दिहाड़ी मजदूरी करने वाले हजारीबाग जिला के नौवाखाप निवासी मनोज गंझू की पुत्री खुशबू ने 89.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। जबकि टॉप टेन में हनी कुमारी, नीलम कुमारी, संजना कुमारी, ममता कुमारी, पुष्पा कुमारी, राधिका कुमारी, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, शीतल कुमारी व अजय कुमार का नाम शामिल हैं। प्रिंसिपल विकास पाण्डेय ने मिठाई खिलाकर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अन्य लोगों ने भी विद्यालय टौपर को बधाई दी है। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार, राजेश रजक, आशीष कुमार, धर्मनाथ महतो, वीणा कुमारी व लिपिक राजेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी की हुई बैठक

चतरा/इटखोरी। सोमवार को जिला मुख्यालय में भगवानदास क्षेत्र में स्थित जिला कार्यालय में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आफताब अहमद व संचालक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी ने किया। बैठक में विशेष रुप से संगठन मंत्री मुकेश रवि व झारखंड प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी चतरा लोकसभा में अपना प्रत्याशी उतारेगी। साथ ही कहा गया कि लोकसभा क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम वोट 59 प्रतिशत है और भीम आर्मी हमेशा इनके हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ते आ रही है। अब समय आ गया है की संसद में लड़ाई लड़ी जाए। इस लिए चतरा संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। आगे कहा गया कि चतरा, लातेहार एवं पलामू जिला में संगठन बहुत मजबूत स्थिति में है और हर प्रखंड और पंचायत में संगठन अपना कार्य कर रही है। आजाद समाज पार्टी को भीम आर्मी पार्टी पूरा सहयोग करेगी। बैठक में सुरेश भारती, कामेश्वर गंझू, आदित्य यादव, मोहम्मद खुर्शीद, सिकंदर दास, रंजीत भईयां, जुगल गंझू, जितेंद्र सिंह भोक्ता, सकलदेव भारती, कामेश्वर कुमार, कुलेश्वर भईयां, भुवनेश्वर कुमार के साथ सभी प्रखंड अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने शहरी क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

हरिहरगंज। एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा में एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया. वहीं 4 ड्राम में रखे करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया. हालांकि शराब व्यवसाय पुलिस को देख भागने में सफल रहे।

अपर समाहर्ता ने की बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने बीडीओ, सीओ के साथ बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश संबंधितों को दिया। जबकि वैसे मतदान केंद्र जहां 2019 के चुनाव में 70 प्रतिशत से कम मतदान पड़ा है। वैसे केन्द्र पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया।

बीएलओ को घर-घर जाकर मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को समुचित सम्मान दिया जाएगा। साथ ही साथ 80 प्रतिशत से कम पड़ने वाले मतदान केंद्रों के बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर बैठक से अनुपस्थित रहे करीब आधा दर्जन बीएलओ को स्पष्टीकरण किया गया। बैठक में बीडीओ राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी, बीपीओ रामकुमार सिंह सहित बीएलओ उपस्थित थे।

एक शिक्षा सबों का अधिकार यात्रा हुई प्रारम्भ

मेदिनीनगर। शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 को पांकी के राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना करके यात्रा प्रारंभ की। यात्रा प्रारंभ होते हैं स्थानीय नागरिकों के द्वारा यात्रा के विषय को देखकर पूर्ण समर्थन दिया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि यात्रा को हमारा पूरा समर्थन है और हम सभी इस शिक्षा के व्यापारी करण से त्रस्त है और सभी लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जिस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। इस यात्रा में समाजसेवी कमलेश कुमार सिंह, मजदूर नेता राकेश सिंह, शिव शिष्य परिवार धनंजय राय, समाजसेवी लड्डू जी, बबलू चावला, रजनीश, नागेंद्र गुप्ता रिद्धि एवं सिद्धि सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे ।

अबुआ आवास व मनरेगा के काम में लायें तेजी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन समीक्षा की गयी. उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयनन की गति व धरातल पर हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में अबुआ आवास योजना, मनरेगा, पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन जानकारी ली गई। अबुआ आवास योजना व मनरेगा से संचालित योजनाओं की धीमी गति को देख कर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने 15 दिनों के अंदर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्यों को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। योजनाएं पूर्ण नहीं होने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर, बीपीओ पर विभागीय कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना एवं अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु समयावधि में योजना को पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए।

न्यूज बॉक्स

आसमान में छाए बादल, गर्मी से लोगों को मिली राहत

मेदिनीनगर। पलामू जिले में सोमवार को आसमान में पूरे दिन बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। हवा की गति धीमी होने से लू भी नहीं चली। इससे आम आदमी ने कुछ चैन की सांस ली। पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी से आम जनमानस बेहाल था। दोपहर होने से पहले ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे थे। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाने से सुबह ठंडी हवाओं के झोंकों ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। दोपहर में भी बादलों के चलते धूप से लोगो को राहत मिली। इससे गर्मी का एहसास लोगों को कम हुआ। बादलों के कारण अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वही रविवार को आलम यह था की लोग तेज धूप व गर्मी से झुलस रहे थे। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग छाता और सिर पर गमछा लेकर ही घर से निकल रहे थे। लेकिन सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने के कारण लोगो को राहत महसूस हुआ और लोगो अपने काम को आसानी से करते हुवे देखे गए।

गांव के लड़के पर ही लगा नाबलिग को भगाने का आरोप

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में कहा है की मैं अपना मवेशी लेकर खेत में चराने गया था, जब मैं घर लौटा तो मेरी लड़की घर पर नहीं थीं, जब मै अपनी पत्नी से लड़की के बारे में पूछा तो बतायी की गांव में कही गयी होगी, जब देर शाम तक लह घर नहीं लौटी तो, अपने से काफी खोजबीन किया। परंतु उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई। खोजबीन के क्रम में उसकी गांव के ही एक सहेली ने बताया की वह मोबाइल नंबर से बात करती थीं। जब उस नंबर पर सम्पर्क किया तो अपना नाम गौरव कुमार ग्राम शाहपुर थाना मेदिनीनगर बताया, जब मै अपनी लड़की के बारे में पूछने लगा तो उसने मोबाइल फोन बंद कर दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरे लड़की को उसने ही गांव के बाहर से फोन कर बुलाकर शादी की नियत से ले भागा है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लड़की के पिता के लिखित आवेदन के अधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

चतरा/कान्हाचट्टी। लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को चतरा सदर प्रखंड के किशनपुर टोंगरी व कान्हाचट्टी प्रखंड के कोल्हैया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। मतदाताओं को जानकारी दिया गया कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं है वे 23 अप्रैल के संध्या तक बीएलओ से सम्पर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूचि में अपना नाम शामिल करवा लें। साथ ही बताया गया कि जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वो भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करलें। जिला क्रिड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने देते हुए बताया कि जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने हेतु तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे मतदाता अपना मत का प्रयोग करने से वंचीत न रह जाय। इसी कड़ी में कान्हाचट्टी प्रखंड के कोल्हैया पंचायत में भी मतदाता शपथ, बैनर पोस्टर, स्लोगन का नारा लगा कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, पेड़ों में सूत्र बांधकर लिया रक्षा का संकल्प

टंडवा (चतरा)। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर टंडवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसातु के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। जिसका नेतृत्व पर्यावरण प्रेमी सह शिक्षक बिनेश्वर महतो कर रहे थे। विद्यार्थी धरती माता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार, धरती हमारी जननी है, इसकी रक्षा करनी है आदि नारे लगाते हुवे ग्रामीणों को जंगलों के सुरक्षा करने को लेकर जागरुक किसा। रैली हेसातु, सिदपा, गिद्दी, नावाडीह, पचम्बा व मिश्रोल से होकर पंचपहाडी. जंगल पहुंची, जहां सभी ने पेड़ों में सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। रैली में छात्र-छात्राओं समेत शिक्षक व ग्रामीण शामिल थे।

शहरों में टैंकरों से हो रही हैं जलापूर्ति, लोगों को मिली राहत

हुसैनाबाद । शहरी क्षेत्रों में जल संकट शुरू हो गया है। इस कारण शहर के कई मुहल्लों के लोग परेशान हैं।वही देवरी स्थित सोननदी से होने वाले पानी सप्लाई भी शहर में विगत कई दिनों से बंद है। तेज धूप व तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इस वजह से नदी-नाले सूख रहे है। शहर के ड्राइजोन इलाके में रहने वाले लोगों की परेशानी अधिक है।ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगर पंचायत ने प्रशासन पहल शुरू कर दी है। लोगों को जल संकट से राहत मिले इसके लिए नगर प्रशासन के द्वारा टैंकर से जलापूर्ति शुरू कर दी गयी है।

पृथ्वी से केवल लेना ही नहीं देना भी सीखें : गुरु कौशल

नवीन मेल संवाददाता। पलामू

हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर की ओर से पृथ्वी दिवस पर सोमवार को कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल , विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजु रजक, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। श्री कौशल ने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हिंडाल्को के सीएसआर की टीम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बड़े पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया जिसका परिणाम यह है कि पूरा पर्यावरण प्रदुषित हो गया जिसके कारण आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और सुखाड़ अकाल की विभीषिका झेलना पड़ रहा है। इससे बचने केलिय हम सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र अपनाने होंगे । अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम के साथ पौधारोपण एवं वितरण करते आ रहे हैं। उनके इस उल्लेखनीय कार्यों को आइसीएससी एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। प्रभारी वनपाल राजु रजक ने कहा कि आने वाले कल की खुशहाली के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा। पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक के प्रयोग से सबसे ज्यादा प्रदुषण फैल रहा है। प्लास्टिक मानव जीवन के लिए जहर के समान है। इसलिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की जरूरत है।

पेज एक के शेष

गीता कोड़ा ने भरा ...

सह आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। पहला नामांकन पत्र सीपीआई के उम्मीदवार महेंद्र उरांव ने दाखिल किया इसके बाद भागीदार पार्टी की मनी मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तीसरा नामांकन पत्र निर्दलीय स्टेफन किण्डो और चौथा नामांकन पत्र पीपल्एस पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के बिहारी भगत ने दाखिल किया।

कांग्रेस व इंडी गठबंधन...

यह ममाला उठाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वक्तव्य को उठाया कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बाटेंगे? जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाटेंगे, घुसपैठियों को बाटेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'क्या आपकी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। आपको मंजूर है ये?

सिरफिरे बेटे ने पिता सहित...

की छानबीन कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतकों को के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। डबरी गांव काफी सुदूरवर्ती गांव है। यहां मोबाइल का नेटवर्क भी काम नहीं करता है। इस कारण घटना की जानकारी घटना की जानकारी रात में लोगों को नहीं हो सकी थी। सोमवार को जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।

हैलीपेड के भाड़े में ...

गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्तों को पत्र लिख कर सभी हैली पैड का दर सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रही है उससे लग रहा है की स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून मानने के मूड में नहीं है। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही में पलामू मे शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया था।

झामुमो और कांग्रेस दोनों ...

कोयला का भी अवैध उत्खनन हो रहा है। इतना ही नहीं, अपने लोगों को लाभ देने के लिये सेना की जमीन तक फजीर्वाड़ा करके बेच दिया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक कर बेरोजगारों से मजाक हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए ने पिछली लोकसभा चुनाव में झारखंड में 14 में से 12 सीटें जीती थीं। इसबार सभी 14 सीटें जीतेंगे। ताकि केंद्र में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में जो कार्य किये उसी के आधार पर वोट मांग रहे हैं। मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विकास। इसलिये पिछले दस वर्षों में मोदी ने जितने काम किये उतने काम किसी भी अन्य सरकार में नहीं हुए।

रांची के मुख्य चौक-चौराहों ...

लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं? कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

पीएम मोदी 24 को एमपी में 3 रैली करेंगे

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे और राज्य में तीन सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे। पीएम सागर लोकसभा सीट पर एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जिसके बाद वह हरदा (बैतूल लोकसभा सीट) पहुंचेंगे और फिर भोपाल में एक रोड शो में भाग लेंगे।

अमेरिका में सड़क दुर्घटना में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत

हैदराबाद। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ रहे तेलंगाना के दो छात्रों की एरिजोना में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके परिवारों को मिली सूचना के मुताबिक, निवेश मुक्का और गौतम कुमार पारसी की शनिवार रात (स्थानीय समय) पियोरिया में उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार दूसरी कार से जा टकराई। दोनों की उम्र 19 वर्षीय थी। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश करीमनगर जिले के हुजूराबाद शहर का रहने वाला था, वहीं गौतम कुमार जनगांव जिले के स्टेशन घनपुर का रहने वाला था। दोनों एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रहे थे। दोनों छात्रों के परिवारों ने भारत सरकार से शवों को वापस लाने में मदद की अपील की है।

के कविता की जमानत याचिका पर 2 मई को आएगा कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 2 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 8 अप्रैल को कोर्ट ने के कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग मामले में के कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान के कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वह जांच नहीं बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है।

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामला

फैसले को चुनौती देगी ममता

भाजपा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम कर रही : सीएम

डब्ल्यूबीएसएससी ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की घोषणा की

एजेंसी। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2016 में शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से हुई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। इस मामले में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि हाईकोर्ट का आदेश अवैध है और इस फैसले को चुनौती दी जाएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी जाएगी।

रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। मालूम हो कि 2016 में शुरू हुई इस भर्ती के दौरान पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी थे। भर्ती को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में गड़बड़ी की शिकायतें भी दाखिल हुईं थीं।

इधर 26 हजार शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगा। एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह घोषणा की है। डब्ल्यूबीएसएससी चेयरमैन सिद्धार्थ ने साफ किया कि वह हाई कोर्ट के फैसले से खुश नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पांच हजार लोगों पर अवैध तरीके से नौकरी पाने का आरोप है। ऐसे में 26 हजार लोगों की नौकरियां क्यों रद्द की जाएंगी?

पूर्व शिक्षा मंत्री के घर से मिले थे 51 करोड़

ममता सरकार प्रायोजित है शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार : अमित मालवीय

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद भाजपा ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि यह देश का सबसे बड़ा सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार है। बंगाल भाजपा के सह प्रभारी और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर सोमवार को लिखा है, पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती घोटाले पर कलकत्ता हाई कोर्ट का फैसला बड़ा है। लगभग 25 हजार 735 नौकरियां (ग्रुप सी, ग्रुप डी, सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी) को रद्द घोषित कर दिया गया है। यह ममता बनर्जी सरकार के खुले भ्रष्टाचार को उजागर करता है। इस भ्रष्टाचार में ममता बनर्जी की संलिप्तता का दावा करते हुए अमित मालवीय ने लिखा है कि पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के घर से 51 करोड़ रुपये और सोना बरामद किया गया। उन्होंने जेल दस्तावेजों में अपने प्राथमिक संपर्क के रूप में ममता बनर्जी का उल्लेख किया। टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य, जीवन कृष्ण साहा, टीएमसी यूथ विंग के नेता कुंतल घोष, शांतनु बंद्योपाध्याय और पिसी-भाइपो (ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) की जोड़ी का वह चेहरा जिनमें दोनों के प्राण बसते हैं कालीघाट वाले काकू उर्फ सुजय कृष्ण भद्र को भी गिरफ्तार किया गया है। ममता बनर्जी को भी भविष्य में जेल जाना पड़ सकता है, इस बात का संकेत देते हुए अमित मालवीय ने लिखा है, आकार में बहुत छोटे ऐसे ही घोटालों के लिए कई मुख्यमंत्री जेल जा चुके हैं। यह निस्संदेह सबसे बड़ा सरकार प्रायोजित भर्ती घोटाला है। लाखों युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया है।

एसएससी नियुक्ति भ्रष्टाचार : बच गई केवल एक शिक्षक की नौकरी

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला सोमवार को आ गया है। करीब 25 हजार से अधिक नियुक्त शिक्षकों की नौकरी रद्द कर दी गई है। 2016 के एसएससी पैनल के मुताबिक की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है लेकिन एक शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी। उनका नाम है सोमा। मूल रूप से बीरभूम की रहने वाली सोमा उन लोगों में से थी जिन्हें मेरिट लिस्ट में नाम होने के बावजूद अवैध तरीके से नियुक्ति से वंचित कर दिया गया था। वह कोलकाता में गांधी मूर्ति के पास आंदोलन करने वाले शिक्षक समूह का हिस्सा थीं। कैंसर पीड़ित होने के बावजूद धूप, बारिश और ठंड की परवाह किए बगैर लगातार आंदोलन कर रही थीं। मामला हाई कोर्ट में आया और पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अभिजीत गांगुली के निर्देश पर उन्हें नौकरी दी गई थी। सोमवार को अपने आदेश में न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी और देवांग्शु बसाक की खंडपीठ ने स्पष्ट कर दिया कि मानवीय आधार पर उनकी नौकरी बरकरार रखी जाएगी।

नक्सली आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा दो-तीन वर्षों में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे : शाह

भूपेश बघेल की सरकार में नक्सलियों पर नहीं होती थी कार्रवाई

एजेंसी। कांकेर

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नरहरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश के कई राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा कर चुके हैं, दो से तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा यह लड़ाई जारी रहेगी। इस देश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया और अब नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच वर्ष तक भूपेश बघेल की सरकार थी, नक्सलियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो चार महीने में ही 90 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया, 123 गिरफ्तार हुए

और 250 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। हमने नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने के साथ-साथ विकास का काम भी किया है।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को वोटबैंक की चिंता है, कांग्रेस ने राममंदिर निर्माण को लटका कर रखा था। इनके नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। यह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में बड़े-बड़े फैसले लिए गए जो 70 सालों में नहीं लिए गए। आतंकवाद को समाप्त किया। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर बीते 10 वर्षों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है।

अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि चार दशक तक छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए क्या किया? हमने आतंकवाद खत्म किया, अब नक्सलवाद समाप्ति के कगार में है। देश के 60 करोड़ गरीबों को 05 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया। अब आगे के लिए मोदीजी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का जम्मू-कश्मीर से क्या लेना-देना है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापा मारा

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापा मारा है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी शुरू की। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी।

मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में ब्लास्ट

आरपीएफ जवान की मौत

एजेंसी। पटना/मुजफ्फरपुर

राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आईजी जंक्शन पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

विश्व में सबसे ज्यादा खुशहाल युवा फिनलैंड के

खुशहाली और जीवन संतोष के मामले में भारत 126वें स्थान पर

-ब्यूरो। नई दिल्ली

नई दिल्ली। विश्व में किस देश के युवा सबसे ज्यादा खुश हैं? इसको लेकर 'गैलप' ने विश्व भर में खुशहाली का एक सर्वेक्षण किया। परिणाम आया फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। जहां तक भारत का सवाल है तो गैलन सर्वे के अनुसार - भारत में युवा सबसे ज्यादा दुखी हैं। खुशहाली और जीवन संतोष के मामले में भारत दुनिया के 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। यहां मध्यम आयु वर्ग के लोग तो फिर भी संतुष्ट हैं, लेकिन न तीस साल से कम उम्र के युवा खुश हैं और न देश के वरिष्ठ नागरिक व्यवस्थित ढंग से जीवन जी पा रहे हैं। वैसे तो एलएसआइ (एजिंग स्टडी इन इंडिया) का एक सर्वेक्षण कहता है कि देश में 96 प्रतिशत बुजुर्गों से दुर्व्यवहार नहीं होता और 98 प्रतिशत बुजुर्ग अपने जीवन से संतुष्ट हैं। ऐसा विरोधाभास इसलिए कि हमारे देश के बुजुर्गों को अध्यात्म, धर्म व संतोष का सहारा मिल जाता है। यह विडंबना जाहिर है कि भारत के 74 प्रतिशत बुजुर्ग आज शारीरिक रूप से सक्रिय हैं। देश की औसत आयु में भी 8 वर्ष की वृद्धि हो गई है, लेकिन 79 प्रतिशत के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है।

बत्तीस हजार करोड़ के सरकारी बॉन्ड की नीलामी 26 अप्रैल को

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि 26 अप्रैल को दो श्रेणियों में 32,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की बिक्री की जायेगी। पहले लॉट में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि के लिए 7.1 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2034 शामिल है, जबकि दूसरे लॉट में 12 हजार करोड़ रुपये की राशि के लिए 7.46 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2073 शामिल है। दोनों बॉन्डों की नीलामी आरबीआई द्वारा मुंबई में एक से ज्यादा मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के माध्यम से की जाएगी। सरकार के पास प्रत्येक प्रतिभूति के बदले दो हजार करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त सब्सक्रिप्शन को बरकरार रखने का विकल्प होगा।

गृह राज्य मंत्री टेनी के पुत्र पर लगे आरोपों पर एससी ने जताई चिंता, कहा-

तो यह निश्चित रूप से उल्लंघन है

-ब्यूरो। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस पीएम नरसिम्हा की बेंच ने लखीमपुर में जीप से कुचल कर किसानों की हत्या मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा पर लगे आरोपों पर चिंता जताई है। मोदी सरकार में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा है आशीष मिश्रा। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, आशीष मिश्रा पर आरोप है कि वो न सिर्फ उप्र का दौरा कर रहा है बल्कि अपनी अंतरिम जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए प्रदेश में विभिन्न समारोहों में हिस्सा भी ले रहा है। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस पीएम नरसिम्हा की बेंच ने कहा, यदि वह फिजिकली उपस्थित हो रहे हैं तो यह निश्चित रूप से उल्लंघन हैं। आपको बता दें कि पिछले साल आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत पर रिहा करने की अनुमति देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने यह शर्त रखी थी कि उन्हें लखीमपुर मामले में मुकदमे के उद्देश्य को छोड़कर उप्र में प्रवेश नहीं करना चाहिए।

आशीष मिश्रा टेनी का यह केस किसानों और एक पत्रकार की मौत से जुड़ा है। आरोप है कि मरने वालों को आशीष मिश्रा टेनी के वाहन द्वारा कुचला गया था। वो खुद ही अपनी कार चला रहे थे। पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण ने सोमवार को कोर्ट को बताया कि आशीष मिश्रा शीर्ष कोर्ट द्वारा निर्धारित जमानत शर्त का उल्लंघन कर रहा है। कोर्ट में प्रशांत भूषण ने कहा, ह्ललॉर्डशिप बेल कंडीशन में कहा गया है कि वो सिर्फ ट्रायल के लिए यूपी में प्रवेश कर सकता है। लेकिन हाल ही में उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की है, उन्होंने यूपी में ट्राई साइकिल बांटी हैं। मुझे नहीं पता कि इसकी इजाजत कैसे दी गई। मैं एफिडेविट फाइल करूंगा और दिखाऊंगा। इसके बाद कोर्ट ने मौखिक रूप से प्रशांत भूषण से अपने आरोपों को लेकर एक एफिडेविट फाइल करने के लिए कहा। हालांकि आज पारित ऑर्डर में इसके बारे में कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं रखा गया। मालूम हो कि कोर्ट ने जब जनवरी 2023 में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी, तह बेंच द्वारा यह शर्त रखी गई थी कि वो जमानत मिलने के बाद यूपी या दिल्ली में नहीं रह सकता है। हालांकि बाद में उसे दिल्ली जाने और वहां रुक कर अपने बीमार रिश्तेदारों की देखभाल की इजाजत दे दी।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिन की पाक यात्रा पर पहुंचे इस्लामाबाद

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सोमवार को पाकिस्तान की तीन दिन की यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे। मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में उनकी यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इजरायल के साथ जारी संघर्ष और अमेरिका के साथ ईरान के तल्ख संबंधों के कारण पश्चिमी दुनिया, तथा अन्य देश भी, इस यात्रा पर करीबी नजर रख रहे हैं। ईरान के राष्ट्रपति सोमवार को इस्लामाबाद के नूर खान एयरबेस पर उतरे जहां पाकिस्तान के आवास एवं निर्माण मंत्री मियां रियाज हुसैन पीरजादा ने उनका स्वागत किया। उन्हें प्रधानमंत्री आवास ले जाया गया जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री, जवानों का हौसला बढ़ाया

माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई

सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची "बैटल फील्ड" में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था।

इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए "ऑपरेशन मेघदूत" की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया और "भारत माता की जय" का उद्घोष किया।

रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में "ऑपरेशन मेघदूत" की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया।

इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सात बार जीतने के बावजूद कांग्रेस को छोड़नी पड़ी नई दिल्ली सीट

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी का कहना है कि कांग्रेस लोगों का भरोसा खो चुकी है, उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं, यही कारण है कि कांग्रेस का शाही परिवार पहली बार दिल्ली में अपनी ही पार्टी को वोट नहीं देगा। दरअसल, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा जैसे बड़े कांग्रेस नेता नई दिल्ली की जिस लोकसभा सीट के मतदाता है, वहां कांग्रेस का कोई उम्मीदवार ही नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार दिल्ली में अपनी ही पार्टी को वोट नहीं करेगा। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब कांग्रेस पार्टी का कोई उम्मीदवार यहां मैदान में नहीं है। कांग्रेस यहां मुकाबले से बाहर है। कांग्रेस के भी कई नेता मानते हैं कि आम आदमी पार्टी आज तक नई दिल्ली लोकसभा सीट नहीं जीती है, जबकि कांग्रेस 7 बार नई दिल्ली

लोकसभा का चुनाव जीत चुकी है। बावजूद इसके कांग्रेस को यह सीट छोड़नी पड़ी है। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच हुए सीट समझौते के कारण कांग्रेस यहां मुकाबले में नहीं है। यह वही सीट हैं जहां के मतदाताओं में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी व उनकी बहन प्रियंका वाड्रा शामिल हैं। दबी जुबान में कांग्रेस के कई वरिष्ठ व स्थानीय नेता इस समझौता को लेकर अपनी आपत्ति जताते रहे हैं। शुरूआती दौर में तो दिल्ली कांग्रेस के अधिकांश नेता पूरी तरह से इस गठबंधन के विरोध में थे। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि कांग्रेस व 'आप' में हुए गठबंधन से पहले आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह व अन्य सदस्यों ने दिल्ली विधानसभा में राजीव गांधी से भारत रत्न वापस लेने का प्रस्ताव किया था। विधानसभा में न केवल यह प्रस्ताव रखा गया था बल्कि विधानसभा अध्यक्ष समेत आम आदमी पार्टी के अधिकांश सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन भी किया था। यही नहीं स्वयं दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग भी कर चुके हैं। कई स्थानों पर अभी भी आप व कांग्रेस के नेताओं के संबंध आपस में सहज नहीं हो सके हैं। कांग्रेस व 'आप' अभी भी पंजाब में एक-दूसरे के विरोधी हैं और अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, भाजपा ने अब तक नई दिल्ली लोकसभा सीट पर 11 बार जीत दर्ज की है। इस बार भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अपना उम्मीदवार बनाया है।